डाक पंजीयन सं. जयपुर सिटी/ 110/2024-26
R.N.I. No. RAJHIN/2012/48736

website: www.royalpatrika.com
G-mail: royalpatrika@gmail.com
Yahoo: royal_patrika@yahoo.com

दैनिक
# रॉयल पत्रिका

वर्ष :13 | अंक : 192 | पेज: 8 | जयपुर, शनिवार 21 जून 2025 | मूल्य: 1.50 रुपये

## क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2026 में भारत का रिकॉर्ड

# रैंकिंग में देश के 54 संस्थान शामिल, आईआईटी दिल्ली टॉप पर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत ने शिक्षा के क्षेत्र में एक नया ऐतिहासिक मुकाम हासिल किया है। क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2026 में इस बार 54 भारतीय उच्च शिक्षण संस्थानों ने जगह बनाई है। यह अब तक की सबसे बड़ी उपलब्धि है, जिसकी जानकारी केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने गुरुवार को दी। उन्होंने कहा कि 2014 में जहां केवल 11 भारतीय विश्वविद्यालय इस वैश्विक सूची में शामिल थे, वहीं आज यह संख्या पांच गुना बढ़कर 54 हो गई है। उन्होंने इसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले एक दशक में लागू की गई शिक्षा सुधार नीतियों और नई शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 का नतीजा बताया। इस साल की रैंकिंग में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान दिल्ली को 123वां स्थान मिला है, जो भारत का सर्वोच्च स्थान है। इसके अलावा कई अन्य आईआईटी और प्रमुख विश्वविद्यालयों ने भी उल्लेखनीय प्रदर्शन किया है।

**2014 में केवल 11 भारतीय विवि थे शामिल**

## शिक्षा मंत्री प्रधान ने दी जानकारी, इसे बताया 'क्रांति का परिणाम'



**यह देश की शिक्षा प्रणाली में परिवर्तन और प्रगति का प्रमाण**



एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर पोस्ट करते हुए धर्मेंद्र प्रधान ने लिखा कि क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2026 में रिकॉर्ड 54 संस्थानों की भागीदारी भारत की शिक्षा प्रणाली में आए परिवर्तन और प्रगति का प्रमाण है। यह सिर्फ बदलाव नहीं, बल्कि एक शैक्षिक क्रांति है। उन्होंने यह भी कहा कि भारत अब जी 20 देशों में सबसे तेजी से बढ़ती शिक्षा प्रणाली है और अमेरिका, यूके और चीन के बाद चौथा सबसे अधिक प्रतिनिधित्व वाला देश बन चुका है।

### लंदन स्थित वैश्विक उच्च शिक्षा विश्लेषण फर्म कर रही रैंकिंग

क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग का प्रकाशन लंदन स्थित वैश्विक उच्च शिक्षा विश्लेषण फर्म क्यूएस्क्युरेली साइमंज्स द्वारा किया जाता है। यह रैंकिंग कई मानकों (जैसे- अकादमिक प्रतिष्ठा, फैकल्टी-स्टूडेंट अनुपात, शोध प्रभाव, अंतरराष्ट्रीय छात्रों की उपस्थिति और स्नातकों की रोजगार क्षमता) पर आधारित होती है।

### भारत बना चौथा सबसे बड़ा प्रतिनिधि देश

इस साल भारत से 8 नए संस्थानों को पहली बार रैंकिंग में शामिल किया गया है। अब भारत इस सूची में अमेरिका (192), यूके (90), और चीन (72) के बाद चौथा सबसे बड़ा प्रतिनिधित्व वाला देश बन चुका है।किसी भी अन्य देश ने इस साल रैंकिंग में इतनी अधिक संख्या में संस्थानों को शामिल नहीं किया है।

*प्रधानमंत्री ने भारत के शिक्षा क्षेत्र के लिए बहुत अच्छी खबर बताया*

## दिल्ली ने 2 वर्ष में 70 से अधिक पायदान चढ़कर प्रतिष्ठा प्राप्त की


प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि 'क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग' 2026 भारत के शिक्षा क्षेत्र के लिए बहुत अच्छी खबर लेकर आई है। इस



रैंकिंग में भारत के 54 संस्थानों को शामिल किया गया है। मोदी ने 'एक्स' पर लिखा, क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी 2026 रैंकिंग हमारे शिक्षा क्षेत्र के लिए बहुत अच्छी खबर लेकर आई है। हमारी सरकार भारत के युवाओं के लाभ के लिए अनुसंधान और नवाचार पारिस्थितिकी तंत्र को और मजबूत बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। गुरुवार सुबह जारी रैंकिंग के अनुसार, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी)-दिल्ली सर्वोच्च रैंकिंग वाला भारतीय संस्थान है। संस्थान ने दो वर्षों में 70 से अधिक पायदान चढ़कर प्रतिष्ठित सूची में 123वां स्थान प्राप्त किया है।


**खबर संक्षेप**

### रेलवे ट्रैक पर कटे मिले युवक-युवती के शव



**मुरादाबाद।** बिलारी क्षेत्र में गुरुवार सुबह सनसनीखेज घटना सामने आई। बिलारी-चंदौसी रेलवे लाइन पर स्थित कुआं खेड़ा हाल्ट के पास युवक और युवती के ट्रेन से कटे शव मिलने से सनसनी फैल गई। भोला उर्फ सुशांत पुत्र राजपाल सिंह और युवती आशी पुत्री मित्र पाल दोनों सैफपुर जगना गांव के निवासी थे।भोला गांव में रहकर खेती करने के साथ ट्रैक्टर भी चलाता था।

### झारखंड में भारी बारिश से 3 बच्चों की मौत



**रांची।** झारखंड में पिछले कुछ दिनों से हो रही भारी बारिश ने खूब तबाही मचाई है। सूबे के खूंटी जिले की मुरहू पंचायत में बुधवार दोपहर करीब 2 बजे एक निर्माणाधीन कुआं ढह गया। इस हादसे में दो स्कूली बच्चे, जिनकी उम्र 9 और 10 साल थी, मिट्टी के मलबे में दब गए। बताया जा रहा गुरुवार दोपहर करीब 12:30 बजे दोनों बच्चों के शव मलबे से निकाले गए।

### लोकल ट्रेन दुर्घटना में घायल समेत 5 मौतें



**ठाणे।** ठाणे जिले के मुंब्रा स्टेशन के पास 9 जून को हुई उपनगरीय ट्रेन दुर्घटना में घायल एक यात्री की गुरुवार को एक निजी अस्पताल में मौत होने के बाद इस हादसे में मृतकों की संख्या बढ़कर 5 हो गई। ठाणे के तहसीलदार उमेश पाटिल ने कहा कि घायल यात्री अनिल मोरे का निजी अस्पताल में इलाज हो रहा था और आज 11 बजे उनकी मौत हो गई।

### खराब मौसम के कारण हेलीकॉप्टर को उतारा



**कोच्चि।** तट की नियमित गश्त पर निकले तटरक्षक बल के हेलीकॉप्टर को गुरुवार को खराब मौसम के कारण एहतियातन केरल के कॉलेज के मैदान में उतरना पड़ा। चेतक गश्त से लौट रहा था तभी मौसम खराब हो गया। चालक दल ने एर्नाकुलम के कोठामंगलम के पास चेलाड में सेंट ग्रेगोरियस डेंटल कॉलेज के फुटबॉल मैदान में एहतियातन उतारा।

### सतारा में बस पेड़ से टकराई, 20 घायल



**सतारा।** महाराष्ट्र के सतारा जिले में गुरुवार सुबह राज्य परिवहन की एक बस के सड़क किनारे पेड़ से टकराने के कारण कम से कम 20 यात्री घायल हो गए। दुर्घटना सुबह करीब आठ बजे ढेबेवाडी-पाटण रोड पर जणुगादेवी गांव के पास हुई, जब महाराष्ट्र राज्य सड़क परिवहन निगम (एमएसआरटीसी) के पाटण डिपो की एक बस ढेबेवाडी जा रही थी।

## गृहमंत्री ने कहा- देश को समझने के लिए विदेशी भाषा पर्याप्त नहीं

# बदलाव का समय निकट आया, आगामी समय में अंग्रेजी बोलने में 'शर्म' आएगी

**भारतीय भाषाओं के महत्व पर जोर देते हुए यह टिप्पणी की**




**भाषा विवाद के बीच शाह का बड़ा ऐलान**

**दुनिया का नेतृत्व करने का समय आ गया**



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्र की पहचान उसकी अपनी भाषा से होती है। भारतीय भाषाओं के महत्व पर जोर देते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने यह टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि भारत की भाषाई विरासत को दोबारा प्राप्त करने और देशी भाषाओं पर गर्व के साथ दुनिया का नेतृत्व करने का समय आ गया है। शाह ने कहा कि इस देश में अंग्रेजी बोलने वालों को जल्द ही शर्म आएगी। ऐसे समाज का निर्माण दूर नहीं है, केवल दृढ़ निश्चयी लोग ही बदलाव ला सकते हैं। मेरा मानना है कि हमारे देश की भाषाएं हमारी संस्कृति के रत्न हैं। अपनी भाषाओं के बिना हम सच्चे भारतीय नहीं हैं। अपने देश, अपनी संस्कृति, अपने इतिहास और अपने धर्म को समझने के लिए कोई भी विदेशी भाषा पर्याप्त नहीं हो सकती है।

### भाषा विवाद और 'हिंदी थोपना'

*गृहमंत्री शाह की टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब कुछ दक्षिणी और विपक्षी शासित राज्यों ने केंद्र पर 'त्रि-भाषा फार्मूले' के कार्यान्वयन के माध्यम से हिंदी थोपने का आरोप लगाया है। ये नई शिक्षा नीति (एनईपी) का एक हिस्सा है।*

### औपनिवेशिकता को बताया गुलामी का प्रतीक

शाह ने यह भी भविष्यवाणी की कि दुनिया भर में अंग्रेजी को औपनिवेशिक गुलामी के प्रतीक के रूप में देखा जाएगा। उन्होंने कहा कि हमारे देश, हमारी संस्कृति, हमारे इतिहास और हमारे धर्म को समझने के लिए कोई भी विदेशी भाषा पर्याप्त नहीं हो सकती। अधूरी विदेशी भाषाओं के माध्यम से संपूर्ण भारत की कल्पना नहीं की जा सकती। केंद्रीय मंत्री शाह ने कहा कि मुझे पूरा अहसास है कि यह लड़ाई कितनी कठिन है, लेकिन मुझे पूरा विश्वास है कि भारतीय समाज इसे जीतेगा। एक बार फिर, आत्मसम्मान के साथ, हम अपने देश को अपनी भाषाओं में चलाएंगे और दुनिया का नेतृत्व भी करेंगे।

### प्रधानमंत्री के पंच प्रण का किया जिक्र

उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी के पंच प्रण का जिक्र किया। विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करना, गुलामी की हर सोच से मुक्ति पाना, विरासत पर गर्व करना, एकता और एकजुटता, प्रत्येक नागरिक में कर्तव्य की भावना जगना। उन्होंने कहा कि ये पांच प्रतिज्ञाएं देश के नागरिकों का संकल्प बन गई हैं। 2047 के विकसित भारत की यात्रा में हमारी भाषाएं प्रमुख भूमिका निभाएंगी।

### पूर्व आईएएस की पुस्तक का किया विमोचन

शाह पूर्व आईएएस आशुतोष अग्निहोत्री की पुस्तक 'मैं बूंद स्वयं, खुद सागर हूं' के विमोचन में गुरुवार को शामिल हुए। उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों के प्रशिक्षण मॉडल में सहानुभूति लाने पर जोर दिया। शाह ने कहा कि यह मॉडल ब्रिटिश काल से प्रेरित है, इसलिए यहां सहानुभूति की कोई जगह नहीं है। मेरा मानना है कि कोई शासक अगर सहानुभूति के बिना शासन करता है, तो वह अपने वास्तविक उद्देश्य को प्राप्त नहीं कर सकता है।

**कल आएंगे छत्तीसगढ़**

### रायपुर में नेशनल फोरेंसिक साइंस यूनिवर्सिटी की नींव रखेंगे, जवानों से मिलेंगे



**रायपुर।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह 22 जून को 2 दिनी दौरे पर छत्तीसगढ़ आएंगे। इस दौरान वे यहां नवा रायपुर अटल नगर में राष्ट्रीय फोरेंसिक विज्ञान विश्वविद्यालय (एनएफएसयू) और राज्य की फॉरेंसिक लैब की आधारशिला रखेंगे। राज्य के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने गुरुवार को यह जानकारी दी। शर्मा ने बताया कि शाह बस्तर क्षेत्र में सुरक्षाबलों के एक शिविर का भी दौरा करेंगे। अपने दौरे के दौरान नक्सल विरोधी अभियानों पर एक बैठक की अध्यक्षता करेंगे। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार ने नवा रायपुर में एनएफएसयू के लिए 40 एकड़ जमीन आवंटित की है। केंद्र सरकार इस यूनिवर्सिटी को करीब 400 करोड़ की लागत बनाएगी। उपमुख्यमंत्री ने बताया कि राज्य फोरेंसिक लैब एनएफएसयू के करीब ही छह से सात एकड़ भूमि पर स्थापित की जाएगी। उन्होंने बताया कि शाह अगले दिन सुरक्षाबलों के एक शिविर (बस्तर क्षेत्र में) का दौरा करेंगे।

**ओडिशा में भाजपा सरकार का एक वर्ष का शासन**

## महिलाओं व बच्चियों के लिए बेहद खतरनाक और असुरक्षितः कांग्रेस

रॉयल पत्रिका

कांग्रेस ने ओडिशा में भाजपा सरकार के पिछले एक वर्ष के शासन को महिलाओं व बच्चियों के लिए बेहद खतरनाक और असुरक्षित बताया है। कांग्रेस मुख्यालय इंदिरा भवन में पत्रकार वार्ता करते हुए महिला कांग्रेस की अध्यक्ष अलका लांबा, ओडिशा महिला कांग्रेस अध्यक्ष मीनाक्षी बाहिनीपति, ओडिशा की विधायक सोफिया फिरदौस ने राज्य में व्याप्त असुरक्षित माहौल पर गंभीर सवाल उठाए। लांबा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी खुद ओडिशा के चुनाव प्रचार में उतरे और आधी आबादी से उनकी सुरक्षा का वादा करके वोट हासिल किए। लेकिन राज्य में महिलाओं पर अत्याचार लगातार बढ़ते जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि ओडिशा की महिला एवं बाल विकास मंत्री प्रावती परिदा ने स्वयं स्वीकार किया है कि 11 महीनों में 28,000 महिलाएं और बच्चियां अत्याचार का शिकार हुई हैं।

कुछ प्रमुख घटनाओं का जिक्र करते हुए उन्होंने बताया कि एक दुष्कर्म के आरोपी ने जमानत पर छूटने के बाद पीड़िता की हत्या कर दी और उसके शव के टुकड़े सड़क पर फेंक दिए। उन्होंने स्कूलों और अस्पतालों में हुए यौन उत्पीड़न और दुष्कर्म की घटनाओं के अलावा बालासोर में एक नाबालिग बच्ची से दुष्कर्म के बाद उसकी हत्या की गंभीर वारदात का भी उल्लेख किया। उन्होंने सवाल उठाया कि आखिर अपराधियों को इतनी हिम्मत



कहां से मिल रही है? लांबा ने ओडिशा में 36,000 महिलाओं और 8,400 बच्चियों के गायब होने का मुद्दा उठाते हुए पूछा कि सरकार अब तक कितनी महिलाओं और बच्चियों को वापस ला पाई है? फिरदौस ने कहा कि राज्य में महिलाओं की शक्ति को समर्पित रज पर्व मनाया जाता है। लेकिन दुर्भाग्यवश इस पर्व के दौरान महज तीन दिनों के भीतर राज्य में 3 सामूहिक दुष्कर्म की घटनाएं घटित हुईं। गोपालपुर जैसे प्रमुख पर्यटन स्थल पर एक लड़की के साथ 10 लोगों द्वारा सामूहिक दुष्कर्म का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि पीड़िता को खुद जाकर पुलिस में शिकायत दर्ज करानी पड़ी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के गृह जिले क्योंझर में छोटी बच्ची के साथ दुष्कर्म कर उसकी हत्या कर दी गई। एक शादीशुदा महिला के साथ होटल में 4 लोगों द्वारा सामूहिक दुष्कर्म किया गया। फिरदौस ने न्याय में देरी एवं अपराधियों के बेखौफ होने पर सवाल उठाए और जोर देकर कहा कि तीन दिनों में सामूहिक दुष्कर्म की तीन घटनाएं सामान्य नहीं मानी जा सकतीं। उन्होंने बताया कि आदिवासी क्षेत्र में स्कूल की छात्रा ने हॉस्टल में बच्चे को जन्म दिया। फिरदौस ने बताया कि राज्य में प्रतिदिन महिलाओं के खिलाफ औसतन 15 अपराध हो रहे हैं।

**सामाजिक न्याय पर सीजेआई गवई ने कहा**

## सामाजिक-आर्थिक न्याय अहम, संविधान की वजह से ही तोड़ पाया जाति की बेड़ियां

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत के प्रधान न्यायाधीश बी आर गवई ने कहा है कि समाज के बड़े हिस्से को हाशिए पर रखने वाली असमानताओं पर ध्यान दिए बिना कोई भी देश असल में प्रगतिशील या लोकतांत्रिक होने का दावा नहीं कर सकता। उन्होंने कहा है कि समाज में स्थिरता, सामंजस्य और सतत विकास करने के लिए सामाजिक-आर्थिक न्याय सबसे अहम है। सीजेआई बुधवार को मिलान में सामाजिक-आर्थिक न्याय प्रदान करने में संविधान की भूमिकाः भारतीय संविधान के 75 वर्षों के प्रतिबिंब' विषय पर बोलने के लिए आमंत्रित किया गया था।

### भारतीय संविधान कठिन संघर्ष के बाद बना

**'भारतीय संविधान के 75 वर्षों के प्रतिबिंब' पर दिए उद्गार**



जस्टिस गवई ने कहा कि मुझे यह कहते हुए गर्व हो रहा है कि भारतीय संविधान के निर्माता इसके प्रावधानों का मसौदा तैयार करते समय सामाजिक-आर्थिक न्याय की अनिवार्यता को लेकर सचेत थे। संविधान को लंबे और कठिन संघर्ष के बाद तैयार किया गया था।

**संवैधानिक आदर्शों का उत्पाद हूं :** उन्होंने कहा, मैं आज यहां फिर दोहराता हूं कि समावेश और परिवर्तन के इस संवैधानिक दृष्टिकोण के कारण ही मैं भारत के प्रधान न्यायाधीश के रूप में आपके सामने खड़ा हूं। मैं उन्हीं संवैधानिक आदर्शों का उत्पाद हूं, जो अवसरों को लोकतांत्रिक बनाने और जाति की बेड़ियों को तोड़ने की मांग करते हैं।

### भारी बारिश से छग से गुजरने वाली ट्रेनों की चाल बिगड़ी

**बिलासपुर।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे चक्रधरपुर रेल मंडल के टाटानगर स्टेशन यार्ड में वर्षा के कारण जल भराव हो गया है, जिससे बिलासपुर होकर मुंबई और हरिद्वार की ओर जाने वाली ट्रेनें घंटों विलंब से बिलासपुर पहुंच रही हैं। जानकारी के अनुसार दक्षिण पूर्व रेलवे चक्रधरपुर मंडल के टाटानगर स्टेशन यार्ड में अत्यधिक वर्षा के कारण जल भराव की स्थिति बन चुकी है। इसकी वजह से ट्रेनों के पहियों की गति धीमी होने के कारण लेट लतीफी का सिलसिला बना हुआ है।



**सिकल सेल दिवस पर स्वास्थ्य मंत्रालय ने दी जानकारी**

**'भारत सिकल सेल मुक्त भविष्य अभियान'**

## इस बीमारी का पता लगाने के लिए 5.72 करोड़ लोगों की स्क्रीनिंग की

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत ने अब तक लगभग 5.72 करोड़ लोगों की जांच की है। यह सब 'भारत सिकल सेल मुक्त भविष्य अभियान' के तहत हो रहा है। इसकी जानकारी भारत के स्वास्थ्य मंत्रालय ने गुरुवार को सिकल सेल दिवस के मौके पर दी। विश्व सिकल सेल दिवस हर साल 19 जून को मनाया जाता है। इसका मकसद लोगों को सिकल सेल बीमारी (एससीडी) के बारे में जागरूक करना होता है।

### समय पर इलाज नहीं तो यह खतरनाक बन जाएगी



एससीडी एक जेनेटिक ब्लड डिसऑर्डर है, जो सीधे हमारे खून की लाल रक्त कोशिकाओं को प्रभावित करती है। इस बीमारी में शरीर में आरबीसी की संख्या कम हो जाती है, जिससे शरीर के अंगों तक सही मात्रा में ऑक्सीजन नहीं पहुंच पाता। ऐसे में थकान, दर्द और कमजोरी जैसी परेशानियां हो सकती हैं। अगर वक्त पर इसका इलाज न हो, तो यह बीमारी खतरनाक भी बन सकती है।

**देश को इससे मुक्त करेंगे :** स्वास्थ्य मंत्रालय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पोस्ट में कहा कि इस विश्व सिकल सेल दिवस पर, भारत अब सिकल सेल मुक्त भविष्य की तरफ एक कदम और बढ़ गया है।

**सांसद थरूर ने पार्टी के अंदर चर्चा करने की बात कही**

# पार्टी में मेरे कुछ मतभेद, मैं देशसेवा से पीछे नहीं हटूंगा

**पीएम मोदी के साथ केवल सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल के मामलों पर की थी चर्चा**

एजेंसी ▶▶ तिरुवनंतपुरम

तिरुवनंतपुरम लोकसभा से सांसद शशि थरूर ने पार्टी के अंदर मतभेद की बात कबूल की है। उन्होंने कहा है कि पीएम मोदी के साथ बातचीत पर कहा है कि वो चर्चा केवल सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल से जुड़े मामलों पर थी। उन्होंने कहा कि देश की सेवा के लिए वे हमेशा तैयार हैं। तिरुवनंतपुरम में मीडियाकर्मियों से साथ थरूर ने कहा कि मैं पिछले 16 सालों से कांग्रेस में काम कर रहा हूं। पार्टी के साथ मेरे कुछ मतभेद हैं, और मैं पार्टी के अंदर इस पर चर्चा करूंगा। समय आने दीजिए।



### थरूर को लेकर सियासत गरम

थरूर समेत सभी प्रतिनिधिमंडल के नेता जब विदेश दौरों के बाद वापस आए थे, तो पीएम मोदी ने उनसे मुलाकात की थी और उनसे उनके एक्सपीरियंस भी जाने थे। थरूर को लेकर सियासत इसलिए भी गरम है क्योंकि कांग्रेस पार्टी ने डेलिगेशन के लिए जिन नेताओं के नाम भेजे थे, उसमें थरूर का नाम नहीं था। पर, भारत सरकार ने थरूर को न केवल डेलिगेशन में शामिल किया, बल्कि उन्हें एक डेलिगेशन का मुख्य लीडर भी बनाया था।

**पीएम मोदी के साथ बात पर दी सफाई**

पीएम मोदी के साथ चर्चा को लेकर थरूर ने कहा कि प्रधानमंत्री के साथ चर्चा सिर्फ सांसदों के प्रतिनिधिमंडल से जुड़े मामलों पर थी। जब देश के लिए कोई मुद्दा उठता है, तो देश के साथ खड़े होना हमारी जिम्मेदारी है। जब देश को मेरी सेवा की जरूरत होगी, तो मैं हमेशा तैयार हूं।

### ट्रंप के साथ मुनीर के लंच का 'उड़ाया मजाक'

**'फूड फॉर थॉट' मिला होगा**

**नई दिल्ली।** थरूर ने पाक के सेना प्रमुख आसिम मुनीर के अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ लंच पर तंज कसा है। थरूर ने उम्मीद जताई कि मुनीर को ट्रंप के साथ भोजन करते समय 'फूड फॉर थॉट' (सोचने के लिए कुछ) मिला होगा। मुनीर ने कहा था कि ट्रंप को नोबेल शांति पुरस्कार मिलना चाहिए।इसके तुरंत बाद उन्हें व्हाइट हाउस में भोजन से पुरस्कृत किया गया।

**कर्नाटक में हासन की फिल्म रिलीज केस**

## सुप्रीम कोर्ट ने सरकार से अड़चन पर सख्त एक्शन लेने को कहा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

एक्टर कमल हासन की फिल्म 'ठग लाइफ' की कर्नाटक में अटकी रिलीज पर गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकार को आदेश दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि राज्य में फिल्म की स्क्रीनिंग में अड़चन डालने वालों के खिलाफ सख्त एक्शन लिया जाए।

17 जून को आदेश में कहा था कि इस फिल्म को राज्य में रिलीज किया जाना चाहिए। कोर्ट ने कहा था कि कानून के अनुसार सीबीएफसी मंजूरी वाली फिल्म को हर राज्य में रिलीज किया जाना चाहिए। न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां और



न्यायमूर्ति मनमोहन की पीठ ने राज्य सरकार का यह आश्वासन दर्ज किया कि यदि राज्य में फिल्म प्रदर्शित की गई तो वह सिनेमाघरों को पर्याप्त सुरक्षा मुहैया कराएगी। पीठ ने कहा कि वह ऐसी स्थिति पैदा नहीं होने देना चाहती, जिसमें किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचे और फिल्म की रिलीज रोक दी जाए।

# रॉयल पत्रिका

## संपादकीय....

## तुर्की की वस्तुओं का भारत में बहिष्कार शुरू

भारत-पाकिस्तान के बीच हुए युद्ध की मार अब तुर्की पर भी पड़ने लगी है। तुर्की, अज़रबैजान और चीन ने पाकिस्तान का खुलकर साथ दिया। तुर्की ने पाकिस्तान को अति आधुनिक ड्रोन, मिसाइल एवं एंटी मिसाइल सिस्टम दिए, जिनका पाकिस्तान ने भारतीय ठिकानों पर आक्रमण करने में इस्तेमाल किया। तुर्की के ड्रोन के कारण पाकिस्तान भारत का कुछ हद तक मुकाबला कर सका। यही नहीं तुर्की के राष्ट्रपति अर्दोगान ने पाकिस्तान के पक्ष में स्टेटमेंट भी दिए और खुलकर साथ देने का ऐलान भी किया। तुर्की की इस हरकत से भारत और भारत की जनता बेहद नाराज दिखाई दे रही है। भारत सरकार ने तो आधिकारिक तौर पर तुर्की के साथ व्यापार रोकने की कोई घोषणा नहीं की है, लेकिन भारत के कुछ व्यापारियों ने तुर्की के साथ आयात निर्यात रोकने और तुर्की देश की बनी वस्तुओं के बहिष्कार के लिए आंदोलन चलाया है। वैसे भारत तुर्की को 6.65 अरब डॉलर का निर्यात करता है और 3.78 अरब डॉलर का आयात करता है। भारत तुर्की व्यापार अधिशेप भारत के पक्ष में है। भारत में तुर्की के प्रति काफी नफरत देखी जा रही है। वैसे यदि भारत तुर्की के बीच आयात निर्यात रुकता है तो इसका नुकसान भारत को ज्यादा होगा, क्योंकि भारत तुर्की की वस्तुओं का निर्यात ज्यादा करता है और आयात कम करता है। भारत वर्तमान में आईडियोलॉजी पर चलने वाला देश बन गया है। आर्थिक रूप से भारत को कितना भी नुकसान हो फिर भी वह संबंध नहीं रखता है। इसका उदाहरण इज़राईल माना जा सकता है। भारत ने इजराईल से अच्छे संबंध कायम किए, जबकि दर्जनों मुस्लिम देश इजराईल से दुश्मनी रखते हैं। इजराईल की बजाय भारत की पूर्ववर्ती सरकारों ने फिलिस्तीन की स्वतंत्रता का समर्थन किया था, लेकिन भारत की वर्तमान सरकार इजराईल का एक तरफा समर्थन करती है और फिलिस्तीन उसकी प्राथमिकता में नहीं है। इसलिए माना जा रहा है कि भारत और तुर्की के संबंधों में दूरियां बढ़ने वाली हैं, क्योंकि तुर्की ने दुश्मन देश पाकिस्तान का एक तरफा समर्थन करके भारत से दुश्मनी मोल ली है। वैसे भारत और तुर्की एक दूसरे के पड़ौसी देश नहीं हैं। इसलिए दोनों के बीच सीमाओं पर युद्ध जैसी गतिविधि नहीं हो सकती है। तुर्की प्रत्यक्ष रूप से पाकिस्तान का साथ देकर भारत से दुश्मनी निकाल सकता है या फिर अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत के खिलाफ बोल सकता है। तुर्की का पाकिस्तान के प्रति लगाव ऐसे ही दिखाई नहीं दे रहा है, तुर्की पाकिस्तान को इस्लाम के नाम पर भाई-भाई बता रहा है। लेकिन इसके पीछे तुर्की की मंशा कुछ और ही दिखाई दे रही है। तुर्की विश्व में मुस्लिम देशों का खलीफा बनना चाहता है, क्योंकि तुर्की 13वीं से 18वीं सदी तक बड़ा साम्राज्य रह चुका है और अपनी पुरानी बादशाहत कायम करना चाहता है। इसके लिए वह तेजी से आगे बढ़ रहा है। विश्व में शक्तिशाली बनने के लिए किसी देश के पास परमाणु हथियार होना जरूरी है। तुर्की क्योंकि खुद परमाणु हथियार बना नहीं सका है, इसलिए पाकिस्तान से परमाणु तकनीक हासिल करने के लिए तुर्की उसका साथ आगे बढ़कर दे रहा है। पाकिस्तान पर कोई भरोसा नहीं करता कि वह परमाणु हथियारों के प्रयोग के मामले में गंभीर देश है। पाकिस्तान तुर्की को परमाणु तकनीक दे सकता है? तुर्की को एक बार परमाणु बम बनाने की तकनीक मिल जाने के बाद वह अपनी असलियत दिखाने में देर नहीं करेगा। तुर्की का पाकिस्तान को आगे बढ़कर मदद करने के पीछे परमाणु बम बनाने की तकनीक हासिल करने का लक्ष्य दिखाई देता है।

# क्या है फास्टैग का असली सच?

भारत सरकार ने टोल प्लाजा पर वाहनों की लंबी कतारों को खत्म करने और डिजिटल भुगतान को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 'फास्टैग' प्रणाली को लागू किया था। यह एक ऐसा कदम था जिसे शुरुआत में 'डिजिटल इंडिया' के एजेंडे का हिस्सा माना गया और यह दावा किया गया कि इससे देश की टोल प्रणाली पारदर्शी, तेज़ और कुशल बनेगी। लेकिन आज जब हम इस व्यवस्था की वास्तविकता को देखते हैं, तो कई सवाल उठते हैं – क्या वाकई फास्टैग से सुविधा बढ़ी है? क्या टोल वसूली में पारदर्शिता आई है? क्या आम जनता को इससे फायदा हुआ या यह सिर्फ एक और बोझ साबित हुआ?

इस संपादकीय लेख में हम फास्टैग की हकीकत, इसके फायदे, चुनौतियां, सरकारी दावे और ज़मीनी हकीकत की गहराई से पड़ताल करेंगे।

फास्टैग क्या है?

फास्टैग एक रेडियो फ्रीक्वेंसी आइडेंटिफिकेशन आधारित तकनीक है जिसे वाहन के सामने वाले शीशे पर लगाया जाता है। जब वाहन टोल प्लाज़ा पर पहुंचता है, तब यह टैग टोल बूथ पर लगे सेंसर से जुड़कर ऑटोमेटिक भुगतान की अनुमति देता है। यह भुगतान वाहन मालिक के लिंक किए गए बैंक खाते या वॉलेट से सीधे कट जाता है।

यह प्रणाली 2016 में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में शुरू की गई थी और फरवरी 2021 से इसे सभी चारपहिया वाहनों के लिए अनिवार्य कर दिया गया।

**फास्टैग की शुरुआत: एक क्रांतिकारी पहल?**

फास्टैग की शुरुआत सबसे पहले 2014 में एक पायलट प्रोजेक्ट के रूप में की गई थी, लेकिन इसे व्यापक स्तर पर लागू करने की शुरुआत 2016-17 में हुई। 15 फरवरी 2021 से इसे अनिवार्य कर दिया गया – यानी देश के सभी टोल प्लाजा पर कैशलेस भुगतान के लिए फास्टैग जरूरी कर दिया गया। इसका उद्देश्य था टोल बूथ पर लगने वाली भीड़ को कम करना, ईंधन की बचत करना और वाहनों की आवाजाही को सुगम बनाना। यह टोल भुगतान की एक ऐसी प्रणाली है जो रेडियो फ्रीक्वेंसी आइडेंटिफिकेशन (RFID) तकनीक पर आधारित है। वाहन की विंडस्क्रीन पर लगाया गया एक छोटा सा टैग टोल प्लाजा पर लगे सेंसर से जुड़ जाता है और खाते से स्वतः भुगतान हो जाता है।

**सरकारी दावे: तेज़ यात्रा, पारदर्शिता और बचत**

सरकार की ओर से यह बताया गया कि फास्टैग से वाहनों को टोल पर रुकना नहीं पड़ेगा, जिससे समय की बचत होगी। वाहनों को ब्रेक और एक्सेलेरेटर पर बार-बार ज़ोर नहीं देना पड़ेगा, जिससे ईंधन की खपत कम होगी। नकद लेन-देन खत्म होगा, जिससे भ्रष्टाचार कम होगा। टोल वसूली डिजिटल होगी, जिससे राजस्व में पारदर्शिता आएगी। नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया (NHAI) के अनुसार, फास्टैग के कारण टोल प्लाज़ा की क्षमता बढ़ी है और औसतन 30-40% अधिक गाड़ियां टोल प्लाज़ा पार कर पा रही हैं।

ज़मीनी हकीकत: सच्चाई उतनी सीधी नहीं

हालांकि यह दावे आकर्षक लगते हैं, लेकिन ज़मीनी हकीकत काफी अलग है। आम लोगों के अनुभवों से कई परेशानियां सामने आई हैं, जो इस व्यवस्था की खामियों की ओर इशारा करती हैं




1. तकनीकी समस्याएं

कई बार टोल प्लाज़ा पर लगे स्कैनर सही तरीके से टैग को नहीं पढ़ पाते। इससे वाहन चालकों को वहीं रुकना पड़ता है और मैनुअल इंटरवेंशन की ज़रूरत होती है। कभी-कभी पैसा कट भी जाता है लेकिन गाड़ी पास नहीं होती, जिससे विवाद होते हैं।

2. ग्राहक सेवा की कमी

जब फास्टैग में पैसा कटने के बाद भी टोल प्लाज़ा से वाहन को रोक लिया जाता है, तो इसकी शिकायत के लिए हेल्पलाइन पर संपर्क करना पड़ता है। लेकिन बैंक, NHAI या ऑपरेटर के बीच तालमेल की कमी के चलते शिकायतें लंबे समय तक सुलझाई नहीं जातीं।

3. डबल कटौती और गलत चार्जेस

कई वाहन चालकों ने शिकायत की है कि एक ही टोल पर दो बार भुगतान लिया गया। कुछ मामलों में गलत तरीके से जुर्माना या दोहरी कटौती की गई। इस तरह की त्रुटियां खासकर निजी बैंकों द्वारा जारी फास्टैग में अधिक देखी गई हैं।

4. असमानता और भेदभाव

फास्टैग की अनिवार्यता के बाद टोल प्लाज़ा पर दोहरी कतार खत्म होने की बात की गई थी, लेकिन कई जगह आज भी कैश लेन चालू हैं। इसके चलते नियमों का पालन करने वाले को भी उन्हीं समस्याओं से जूझना पड़ता है, जिससे बचने के लिए उन्होंने फास्टैग अपनाया था।

**क्या है फास्टैग का असली उद्देश्य?**

यह सवाल बेहद अहम है। सरकार ने इसे "सुविधा" और "डिजिटलाइजेशन" के नाम पर पेश किया, लेकिन इसका एक आर्थिक पहलू भी है। फास्टैग के माध्यम से सरकार को हर वाहन के मूवमेंट का डेटा मिलता है। इससे न केवल राजस्व पर नज़र रखी जाती है, बल्कि यह निगरानी प्रणाली का हिस्सा भी बन जाती है। बैंक और प्राइवेट ऑपरेटर इससे मुनाफा कमा रहे हैं। कई बार रिचार्ज, मेंटेनेंस या अन्य सेवाओं पर शुल्क लिया जाता है जो वाहन मालिकों को वित्तीय बोझ लगता है।

**प्रशासनिक लापरवाही और जवाबदेही की कमी**

भारत में व्यवस्था लागू करने में सबसे बड़ी कमी होती है – जवाबदेही। यदि कोई व्यक्ति गलती से डबल चार्ज हो जाए, तो उसके पैसे वापस मिलने में महीनों लग जाते हैं। कोई स्पष्ट शिकायत निवारण प्रणाली नहीं है। टोल ऑपरेटर, बैंक और सरकार – तीनों अपनी जिम्मेदारी एक-दूसरे पर डाल देते हैं।

इसके अलावा, ग्रामीण क्षेत्रों में या छोटे वाहन मालिकों के लिए फास्टैग के रजिस्ट्रेशन, केवाईसी और मेंटेनेंस अपने आप में एक जटिल प्रक्रिया है। डिजिटली साक्षरता की कमी के कारण यह सुविधा आम आदमी के लिए उल्टा परेशानी बन गई।

**वैकल्पिक दृष्टिकोण: क्या टोल प्रणाली ही सही है?**

भारत में टोल प्रणाली को लेकर एक बड़ा विमर्श यह भी है कि क्या आम जनता पर इस तरह से बार-बार टैक्स लेना उचित है? एक तरफ तो पेट्रोल-डीज़ल पर टैक्स लिया जा रहा है, रोड टैक्स भी लिया जा रहा है, फिर टोल टैक्स क्यों?

फास्टैग के ज़रिए टोल वसूली को सुव्यवस्थित करना एक बात है, लेकिन मूल सवाल यह है कि:

क्या टोल हटाकर रोड सेस के ज़रिए एकसमान शुल्क व्यवस्था लागू नहीं की जा सकती?

क्या राष्ट्रीय राजमार्गों पर मुफ्त यात्रा नागरिकों का अधिकार नहीं होना चाहिए, खासकर जब वे पहले ही कई करों के बोझ से दबे हों?

**निजीकरण और मुनाफाखोरी का खतरा**

एक और चिंता की बात यह है कि फास्टैग प्रणाली के ज़रिए टोल वसूली को कई निजी कंपनियों के हवाले कर दिया गया है। इससे पारदर्शिता की बजाय निजी मुनाफे की प्रवृत्ति हावी होती जा रही है। यदि टोल की दरें मनमानी बढ़ाई जाती हैं, तो आम नागरिक के पास विरोध का कोई साधन नहीं बचता।

**समाधान क्या हो सकते हैं?**

पारदर्शिता और जवाबदेही

सरकार को फास्टैग डाटा के इस्तेमाल और शेयरिंग को लेकर स्पष्ट नीति बनानी चाहिए।

नागरिकों को यह जानने का अधिकार होना चाहिए कि उनके डाटा का किस उद्देश्य से इस्तेमाल हो रहा है।

विकल्प की आज़ादी

हर नागरिक को यह विकल्प मिलना चाहिए कि वह फास्टैग का इस्तेमाल करे या नकद भुगतान करे, बिना दंड के।

सुरक्षा व्यवस्था

फास्टैग डाटा को सुरक्षित रखने के लिए साइबर सुरक्षा उपायों को और सख़्त करना होगा।

निजी कंपनियों को इस डाटा तक पहुंच देने से पहले उन्हें सख़्त नियमों में बांधना होगा।

# इंसानी ज़िन्दगी में पानी की एहमियत

पानी ज़मीन पर बसने वाली हर ज़िन्दा मख़लूक़ के लिए सबसे अहम तत्वों में से एक है। इस्लाम ने पानी के सही इस्तेमाल की जितनी तालीम दी है, वो इसी से शुरू होती है कि इंसान को ये एहसास दिलाया जाए कि ये नेमत कितनी बड़ी है। अल्लाह तआला ने तमाम ज़िन्दा चीज़ों को पानी से पैदा किया, और उसी की ताक़त से हमें पीने लायक पानी मयस्सर होता है। फिर इस्लामी शरीअत ने कुरआन और सुन्नत से उसूल निकालकर पानी की मुख़्तलिफ़ क़िस्मों और हालतों के हिसाब से हुक्म तय किए — कहाँ पानी पाक है, कहाँ नापाक, किस तरह उसका इस्ते'माल जायज़ है और कहाँ उसे ज़ाया करना या गंदा करना हराम है। अकसर ऐसा होता है कि इंसान जिस नेमत में डूबा होता है, उसी को भूल जाता है। पानी भी एक ऐसी ही नेमत है, जब तक ये आम है, हम इसकी क़द्र नहीं करते। लेकिन जब कहीं सूखा पड़ता है, तो इसी पानी की एहमियत याद आती है। और जब बाढ़ आती है, तो हमें इसकी तबाही का अंदाज़ा होता है। कुरआन में अल्लाह तआला इंसान को याद दिलाता है कि "अगर तुम्हारा पानी ज़मीन के नीचे चला जाए, तो उसे फिर कौन लाएगा?" {कहो: बताओ अगर तुम्हारा पानी ज़मीन में समा जाए तो फिर कौन है जो तुम्हें साफ़ बहता हुआ पानी ला देगा?} (क़ुरआन 67:30)



जब हम पानी के बारे में ग़ौर करते हैं तो हमें अल्लाह की कुदरत का अंदाज़ा होता है, ये ऐसा साफ़ और बे-रंग, बे-ज़ायका, बे-बू माया (लिक्विड) है, जिसके बग़ैर ज़िन्दगी मुमकिन नहीं। इंसान की रूह भी इससे तस्कीन पाती है, चाहे दुनिया के कितने ही रंग-बिरंगे, स्वादिष्ट मशरूबात क्यूँ न हों। प्यास बुझाने के लिए सबसे पहले पानी ही चाहिए।

इंसान शुरू से इसका इस्तेमाल करता आया है, फिर भी आज तक साइंस नई-नई बातें पानी के बारे में जान रही है। पानी का बाक़ायदा एक इल्म है हाइड्रॉलोजी जो सिर्फ़ पानी को समझने के लिए है।

**कुरआन क्या कहता है पानी के बारे में?**

कुरआन में पानी की अहमियत का बार-बार ज़िक्र आता है। अल्लाह तआला फ़रमाता है:

{... और अल्लाह ने हर ज़िन्दा चीज़ को पानी से पैदा किया} (क़ुरआन 21:30)

{अल्लाह ने हर ज़िन्दा मख़लूक़ को पानी से पैदा किया} (क़ुरआन 24:45)

कुछ मुफस्सिरीन (कुरआन के व्याख्याकार) कहते हैं कि "हर ज़िन्दा चीज़" में जानवर भी शामिल हैं और पेड़-पौधे भी, क्योंकि उनकी नशो-नुमा (विकास) भी पानी से ही होती है। साइंस भी यही बताती है कि हर सेल (कोशिका) में पानी सबसे ज़्यादा होता है, और यही उसकी बुनियादी तामीर का हिस्सा है। इंसानी जिस्म में भी क़रीब 65% हिस्सा पानी से बना होता है।

{और वही (अल्लाह) है जो आसमान से बारिश बरसाता है और हम उससे तमाम चीज़ों को उगाते हैं... अंगूर, ज़ैतून, अनार वग़ैरह} (क़ुरआन 6:99)

पानी से ना सिर्फ़ इंसानों की ज़िन्दगी चलती है, बल्कि तमाम ज़मीन की हरियाली, जानवरों की ग़िज़ा, और फल-सब्ज़ियों की पैदावार भी होती है। कुरआन कई आयतों में पानी से उगने वाले मुख़्तलिफ़ फलों और फ़सलों का ज़िक्र करता है। इससे ये बात और वाज़ेह होती है कि पानी हर किस्म की ज़िन्दगी के लिए लाज़मी है।

**पानी की पवित्रता भी एक नेमत है**


अल्लाह तआला ने हमें सिर्फ़ पीने के लिए नहीं, बल्कि ग़ुस्ल, वुज़ू और नजासत (गंदगी) को साफ़ करने के लिए भी पानी अता किया। कुरआन कहता है: {और हमने आसमान से पाक पानी उतारा} (क़ुरआन 25:48)

पैग़म्बर मुहम्मद ﷺ भी अपनी दुआओं में पानी का ज़िक्र इस तरह करते थे: "ऐ अल्लाह, मेरे गुनाहों को पानी, बर्फ़ और ओले से धो दे।" (हदीस: मुस्लिम)

हदीसों में बताया गया है कि मरने के बाद जनाज़े की दुआ में भी यही अल्फ़ाज़ इस्तेमाल होते हैं — "ग़ुस्ल दे उसे पानी, बर्फ़ और ओले से..." क्योंकि ये सब अल्लाह की पाक चीज़ें हैं जो इंसान को पाक करती हैं।

इस्लाम कहता है कि पानी, घास और लकड़ी ये तीन चीज़ें तमाम मुसलमानों की साझी मिल्कियत हैं। कोई शख़्स किसी कुएँ या नहर के पानी को अपनी मिल्कियत बनाकर दूसरों को रोके, तो ये नाजायज़ है जब तक वो ख़ास तौर पर किसी की ज़मीन या प्राइवेट जगह न हो। हदीस में सख़्त अल्फ़ाज़ में उन लोगों की मज़म्मत की गई है जो रास्ते में पानी रखते हुए भी मुसाफ़िर को नहीं देते। इस्लामी तालीमात में पानी को बहुत बड़ी नेमत माना गया है। ये सिर्फ़ एक क़ुदरती ज़रूरत नहीं, बल्कि एक अमानत है जिसे सँभालना, ज़ाया होने से बचाना और दूसरों के साथ बाँटना, सबका फ़र्ज़ है। इस्लाम हमें न सिर्फ़ इसका शुकर अदा करना सिखाता है, बल्कि इसके इस्तेमाल के अदब भी बताता है।

# दुआ की कुबुलियत



दुआ की कुबुलियत के लिए नमाज की पबंदी और अकीदे की दुरुस्तगी जरूरी है। अल्लाह तआला का कुर्ब दुआ करने से हासिल होता है। दुआओ से तकदीरें बदल जाती है और अल्लाह तआला इसांन को एक मुकाम से दूसरे मुकाम तक पहुंचा देता है। दुआ मोमीन का हथियार है और शैतान से बचाता है। दुआ इबादत की जान है और खुदा से मुलाकात का जरीया है। दुआ करने के लिए आगे पीछे दुरूद पढऩा लाजिमी है। यह एक ऐसी इबादत है जो समुद्री तूफानो को रोक देती है और दरियाओ के रूख को मोड़ देती है। दुआ बदंगी जो बकशीश के दरवाजे खोल देती है। और मुआफी का क्लम फैर देती है खुशु व खुजु अजीज व इन्केसारी और खुलुस के साथ मॉगी हुई दुआ कभी बारगाह इलाही से रद्द नही की जाती। हदीसं में है के दुआ के अलावा सदका भी बुराई के 70 दरवाजे बंद कर देता है। सदका कबर की गरमी को दूर करता है और तकब्बुर और फकीरी को हटा देता है। अल्लाह तआला इसकी आमदनी में खैर व बरकत अता करता है। अल्लाह की जात व सिफात में किसी को मिलाना शिर्क कहलाता है। हर मुराद पूरी करने वाला वह वहादाहुला शरीक कलाहु है। इसलिए सिर्फ अल्लाह तआला से ही मांगो मगर सच्चे अकीदे के साथ क्योंकि यही सच्चे मोमीन की निशानी है। शिर्क इसांन के अमाल को र्बबाद कर देता है चाहे वह कितना ही नेक इबादत गुजार या तहजुद गुजार ही क्यो ना हो। मुशरीक की जुबान सेनिकली हुई बात की कोई तासीर नही रखती। जब इसांन अपने अमाल में शिर्क को जगह देकर सीधी राह और इस्तेकामात से हट जाते है तो वह अल्लाह तआला की तरफ से किसी मदद और सहारे के मुस्तहिक नही रहते और अल्लाह तआला की नजर ऐ इनायत से मेहरूम रहते है। लिहाजा हमें अपने दामन को शिर्क के काटो से हमेशा दुर रखना चाहिए। गैर अल्लाह को पुकारना गुमराही का सबब है नेकी का बदला नेकी से देना अखलाक हसना की बेहतरीन मिसाल है। सब्र करना दिल की हिदायत और रोशनी का जरिया बनता है। जो शख्स अल्लाह तआला का वास्ता देकर पनाह तलब करता है तो इसको पनाह दी जाती है। आज कल लोग जहालत की तरफ तेजी से बढ़ कर अपनी अमली जिन्दगी में शिर्क को जगह देकर अपने इमान की रोशनी को गुल कर रहे है। अल्लाह तआला के साथ दूसरो कों शिर्क करके अपने अमाल में गिलाजत के अनबर लगा रहे है। अल्लाह तआला की तरफ निगाह रखो वह तुम्हें भी अपनी निगाह में रखेगा।

अगर तुम इसे अपनी निगाह में रखोगे तो इसे अपने सामने पाएंगें जब भी तुम कुछ मांगो अपने अल्लाह ही से मांगो और यकीन कर लो के अगर दुनिया में सब लोग जमा हो कर तुम्हें कुछ नफहा या नुकसान पहुंचाना चाहे तो हरगीज नही पहुचा सकते। अल्लाह के सिवा हर इला और हर मौला बालिक है हम को यह जैब नही देता के गुलाम किसी और के हो और हुकुम किसी और का माने। बंदे किसी और के हो और बदंगी किसी और की करें। खाऐ किसी और का और गुन किसी और के गाऐ। जो खुद हम जैसी मखलूक हो वह हमें क्या दे सकता है और दुख में मदद करने वाला और कुवत वाला वह अकेला जबरदस्त है। जो शख्स खुदा से नही डरता वह लोगो के गेज गजब का निशाना बन पाता है। और खुद को बेबस मजबूर पाता है।

जिस पर नसीहत असर नही करे इसका दिल इमान से खाली है। जो शख्स तकदीर पर इमान नही रखता वह इमान के मजे से बिल्कुल मेहरूम है। तुम में बेहतरीन वो लोग है जिन को देख कर अल्लाह तआला की याद ताजा होती है। इनके नेक अमाल को देख कर अपने लिऐ आखिरत की रूगबद पैदा करे। हर मांगी दुआ में यकीन का होना लाजमी है क्योकि अल्लाह कोई अमलऔर आपकी आँखों से निकला आसु जाये नही करता है। दिल से यकीन करे के हमने जो मांगा के वह अल्लाह जरूर देगा इंसान का यकीन ऐसा हो जैसे समुद्र में खड़े है और अल्लाह रास्ता निकालेगा। बस नियत पुखता रखे क्योकि अल्लाह नियत पर फैसला करता है और कुन फ्याकुन का नजारा दिखाता है। इसलिए कभी मायुस नही होना

चाहिए अल्लाह की जात से क्योकि अल्लाह यकीन करने वालो से मुहब्बत करता है और अल्लाह फरमाता है मेरे से मांगों में तुम्हे दूंगा यह मेरा वादा है लेकिन अल्लाह इंसान को आजमाता है उसकी सबसे महबूब चीज से और सब्र दुआ के जरियें इसांन को उसकी मंजिल तक पहुंचाता है। अगर इंसान को उसकी मंजिल मिलने में वक्त लग रहा है तो यकीन करे अल्लाह कुछ इस तरह की परेशानी देता है जिसे देखकर इसांन को लगता है के उसकी मंजिल मिलना मुश्किल ही नही बल्के ना मुमकिन है लेकिन इंसान भुल जाता है के अल्लाह के लिए कुछ भी ना मुमकिन नही है। अल्लाह सिर्फ इंसान का पुख्ता इरादा और नियत देखता है इसलिए नमाज सब्र के जरिये अल्लाह से मदद मांगें और यकीन करे वह जरूर देगा। मेरा यकीन यह है के अगर कोई मेरे से यह कहे के जमीन आसमान अपनी जगह से हिल गए है तो में यकीन कर लूगा लेकिन कोई यह कहे कि अल्लाह से मैने मांगा और उसने नही दिया तो में यकीन नही करूंगा। यही कहूगा यह हो नही सकता क्योकि अल्लाह से मांगो वह जरूर देगा।

# मुकेश अंबानी के बाद कौन? रिलायंस में नेतृत्व परिवर्तन की तैयारी और चुनौतियाँ

रिलायंस इंडस्ट्रीज़ लिमिटेड न सिर्फ भारत की सबसे बड़ी कंपनियों में से एक है, बल्कि इसकी कामयाबी का रिश्ता सीधे मुकेश अंबानी के नेतृत्व से जुड़ा रहा है। लेकिन अब जब वह धीरे-धीरे अपने बच्चों को कमान सौंपने की प्रक्रिया में हैं, तो सबसे बड़ा सवाल यह उठता है — क्या यह सत्ता हस्तांतरण उतना ही सहज, सशक्त और दूरदर्शी होगा जितना देश और दुनिया को उम्मीद है?


**एक परिवार, कई आयाम**

रिलायंस की अगली पीढ़ी अब नेतृत्व के अलग-अलग क्षेत्रों में कदम रख चुकी है। आकाश अंबानी को जियो (टेलीकॉम) की बागडोर सौंपी जा चुकी है। ईशा अंबानी रिटेल कारोबार को संभाल रही हैं। अनंत अंबानी को एनर्जी सेक्टर यानी भविष्य की ग्रीन एनर्जी परियोजनाओं में सक्रिय भूमिका दी जा रही है। यह विभाजन केवल औपचारिक नहीं है — यह एक रणनीतिक कोशिश है ताकि रिलायंस एक परिवार आधारित लेकिन पेशेवर संस्था के तौर पर उभरे।

**नेतृत्व परिवर्तन की चुनौती**

भारत में पारिवारिक कंपनियों में नेतृत्व का ट्रांज़िशन अक्सर विवादों, मतभेदों और अस्थिरता के साथ जुड़ा रहा है। रिलायंस खुद इस इतिहास का एक हिस्सा रहा है — धीरूभाई अंबानी के निधन के बाद मुकेश और अनिल अंबानी के बीच वर्चस्व की लड़ाई सबको याद है।

मुकेश अंबानी इस बार उस गलती को दोहराना नहीं चाहते। उन्होंने पहले से ही नेतृत्व में उत्तराधिकार की स्पष्ट रूपरेखा बना दी है। यह पारदर्शिता रिलायंस को स्थिरता और निवेशकों के भरोसे की दृष्टि से मजबूत बनाती है।



**क्या नई पीढ़ी तैयार है?**

यह सबसे अहम सवाल है। आकाश अंबानी के कार्यकाल में जियो ने 5G लॉन्च किया, डिज़्नी-स्टार जैसे मीडिया सौदों में हिस्सा लिया और डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर में गहराई से निवेश किया। ईशा अंबानी की निगरानी में रिलायंस रिटेल ने कई नई साझेदारियाँ कीं और ऑनलाइन-ऑफलाइन मॉडल को बेहतर रूप में पेश किया।

अनंत अंबानी अभी सीखने की अवस्था में हैं, लेकिन हर सार्वजनिक मंच पर ग्रीन एनर्जी और हाइड्रोजन परियोजनाओं को लेकर उनकी जानकारी और दिलचस्पी साफ दिखती है। हालाँकि अभी इन्हें 'टेस्टेड एंड ट्रस्टेड' नहीं कहा जा सकता, लेकिन इनकी ट्रेनिंग और अंबानी परिवार का समर्थन इन्हें आगे बढ़ने में मदद करेगा।

**मुकेश अंबानी की भूमिका अभी भी अहम**

यह सत्ता हस्तांतरण कोई अचानक किया गया निर्णय नहीं है, बल्कि यह 'फेडेड लीडरशिप ट्रांज़िशन' की रणनीति है। मुकेश अंबानी अभी भी चेयरमैन के रूप में सक्रिय हैं। वे न सिर्फ अपने बच्चों को मार्गदर्शन दे रहे हैं, बल्कि पूरी कंपनी की नीतियों पर नज़र भी रखे हुए हैं। इसका फायदा यह है कि यदि किसी फैसले में अनुभव की ज़रूरत हो, तो अंबानी सीनियर की मौजूदगी गारंटी देती है कि कंपनी किसी गलत मोड़ पर नहीं जाएगी।

**भविष्य की चुनौती: ग्रीन एनर्जी और टेक्नोलॉजी**

रिलायंस अब तेल और गैस आधारित कंपनी नहीं रही। वह अब रिन्युएबल एनर्जी, डिजिटल कॉमर्स, क्लाउड कंप्यूटिंग, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, जैसे भविष्य के क्षेत्रों में उतर चुकी है। इन क्षेत्रों में प्रतिस्पर्धा भी ज्यादा है और टेक्नोलॉजी का बदलता स्वरूप भी बड़ी चुनौती है। यह देखना दिलचस्प होगा कि अगली पीढ़ी किस हद तक कंपनी को इन उभरते क्षेत्रों में नेतृत्व दिला पाती है।

**निवेशक क्या सोचते हैं?**

अभी तक रिलायंस के शेयरधारकों और विश्लेषकों ने उत्तराधिकार योजना को सकारात्मक रूप से लिया है। शेयर की स्थिरता, ग्रोथ संकेत और विदेशी निवेशक की रुचि यह संकेत देते हैं कि उन्हें परिवार की इस ट्रांज़िशन योजना पर भरोसा है। हालांकि, दीर्घकालिक सफलता इसी पर निर्भर करेगी कि नई पीढ़ी किस हद तक मूल्य सृजन (Value Creation) कर पाती है।

# राजस्थान अनुसूचित जनजाति परामर्शदात्री परिषद की बैठक आयोजित

## -पंडित दीनदयाल उपाध्याय संबल पखवाड़े के आयोजन से जरूरतमंद तक पहुंचेगा योजनाओं का पूरा लाभ -भजनलाल शर्मा



जयपुर,(रॉयल पत्रिका)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार अनुसूचित जनजातियों के कल्याण एवं टीएसपी क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए पूर्ण प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि राजस्थान अनुसूचित जनजाति परामर्शदात्री परिषद केन्द्र एवं राज्य सरकार की महत्वूपर्ण योजनाओं का सफल क्रियान्वयन सुनिश्चित कर रही है।

शर्मा शुक्रवार को मुख्यमंत्री निवास पर जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग की ओर से आयोजित राजस्थान अनुसूचित जनजाति परामर्शदात्री परिषद की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि स्थानीय जनप्रतिनिधि प्रशासन के साथ समन्वय स्थापित कर भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के अवसर पर 15 से 30 जून तक चलाए जा रहे धरती आबा जन-भागीदारी अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाते हुए इसे सफल बनाएं। उन्होंने वनाधिकार अधिनियम-2006 के तहत लंबित व्यक्तिगत एवं सामुदायिक दावों का शीघ्र निस्तारण कर अधिकार पत्र जारी करने के निर्देश दिए।

**बजट घोषणाओं व विकास कार्यों को समय से करें पूरा**

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग द्वारा स्वीकृत किए गए कार्यों को गुणवत्ता के साथ शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश प्रदान किए। उन्होंने बजट घोषणा वर्ष 2024-25 के कार्यों को जल्द पूरा करने और बजट घोषणा वर्ष 2025-26 के कार्यों में गति लाने के निर्देश दिए। साथ ही, उन्होंने स्कूल शिक्षा, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता और उच्च शिक्षा विभाग के द्वारा विद्यार्थियों को दी जाने वाली छात्रवृत्ति का समयबद्ध भुगतान सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए।

शर्मा ने जल संसाधन विभाग की परियोजनाओं तथा कृषि एवं उद्यानिकी विभाग की गतिविधियों में प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को सड़क निर्माण एवं जल जीवन मिशन के कार्यों को पूर्ण गुणवत्ता के साथ पूरा करने के लिए निर्देशित किया। वहीं उन्होंने जनजाति क्षेत्र में बिजली कनेक्शन समय पर जारी करने के भी निर्देश दिए।

**केन्द्र सरकार की योजनाओं से जनजाति समुदाय को करें लाभान्वित**

मुख्यमंत्री ने टीएसपी क्षेत्र में प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत रोगियों की पहचान और उपचार सहायता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने पीएम-जनमन के तहत स्वीकृत कार्यों को गति प्रदान करने और धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत आयोजित हो रही विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से आदिवासी परिवार तक सरकारी योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ पहुंचाने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को प्रधानमंत्री वन-धन योजना के माध्यम से जनजाति समुदाय की आय बढ़ाने के लिए भी निर्देशित किया।

**टीएसपी क्षेत्र में आवासीय विद्यालयों व छात्रावासों का हो नियमित निरीक्षण**

शर्मा ने 24 जून से प्रारम्भ होने वाले पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े में जनप्रतिनिधियों को पूर्ण सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए कहा, जिससे योजनाओं का पूरा लाभ जरूरतमंद तक पहुंच सके। उन्होंने अधिकारियों को आवासीय विद्यालयों और छात्रावासों का नियमित निरीक्षण करने सहित मां-बाड़ी केन्द्रों में भोजन और पोषाहार की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने टीएसपी क्षेत्र में मिनी बीज किट के शेष वितरण कार्य को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर जनजाति क्षेत्रीय विकास मंत्री बाबूलाल खराड़ी, राजस्व मंत्री हेमन्त मीणा, विधायक समाराम, फूल सिंह मीणा, प्रताप लाल भील, श्रीमती शान्ता अमृत लाल मीणा, गोपीचंद मीणा, ललित मीणा, महेन्द्र पाल मीणा, हंसराज मीणा, राजेन्द्र मीणा, रामबिलास, शंकर लाल डेचा एवं मुख्य सचिव सुधांश पंत सहित विभिन्न विभागों के अतिरिक्त मुख्य सचिव, प्रमुख शासन सचिव, शासन सचिव एवं वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की पूर्व संध्या पर सरस योग संगम आयोजित




जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने शुक्रवार को सेंट्रल पार्क में स्वयं योग करके आम जन को योग क्रियाएं करवाई। उन्होंने युवाओं और 50 वर्ष के ऊपर के लोगों के लिए योग और गति से जुड़ी विभिन्न शारीरिक मुद्राओं का प्रदर्शन कर प्रतिदिन इन्हें कर स्वस्थ जीवन जीने का संदेश दिया।

उन्होंने कहा कि योग हजारों साल से चली आ रही हमारी संस्कृति है। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के लिए 21 जून को इसलिए चुना गया की वर्ष के 365 दिन में यह सबसे बड़ा दिन होता है। उन्होंने कहा कि मूलतः योग भारत का हैं। महर्षि पतंजलि ने इसकी शुरुआत की। जो योग नियमित करता है, वह जीवन पर्यंत स्वस्थ रहता है और उसकी आयु बढ़ती है।

राज्यपाल ने शुक्रवार को सेंट्रल पार्क में राजस्थान कॉपरेटिव फेडरेशन, सरस डेयरी द्वारा आयोजित सामूहिक योग एवं स्वास्थ्य शिविर कार्यक्रम में भाग लेने के साथ ही योग शिक्षकों, कलाकारों और योग शिक्षण से जुड़े प्रतिभावान बच्चों को प्रशस्ति पत्र और अपनी ओर से नकद पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित भी किया।

इस अवसर पर उद्योग, खेल एवं युवा मामले विभाग मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने कहा कि योग मन, बुद्धि और शरीर की एकता स्थापित करता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लगातार काम करते हैं और इसकी प्रेरणा योग को बताते हैं। उन्होंने कहा कि भागमभाग की इस जिंदगी में योग से ही स्वस्थ रहा जा सकता है।

विधायक गोपाल शर्मा ने योग की भारतीय परंपरा और योगेश्वर कृष्ण की चर्चा करते हुए प्रधानमंत्री के नेतृत्व में सीमा पर आतंकवाद के ठिकाने नष्ट करने को महती बताते हुए कहा कि यह भी योग से संभव हुआ।

आरंभ में प्रबंधक निदेशक श्रीमती श्रुति भारद्वाज ने स्वागत उद्बोधन में सरस की गतिविधियों और योग संस्कृति के लिए किए जा रहे कार्यों के बारे में अवगत कराया। सरस डेयरी के अध्यक्ष ओमप्रकाश पुनिया भी उपस्थित रहे। इससे पहले तन्मय सिंह राव और अंकुश ने दुर्लभ योग मुद्राओं का प्रदर्शन किया। डॉ. महेंद्र सिंह राव के नेतृत्व में लोगों ने सामूहिक योग, व्यायाम भी किया।

# उपमुख्यमंत्री ने एसएमएस स्टेडियम में लिया राज्य स्तरीय कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा



जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस (21 जून) के अवसर पर शनिवार को आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय कार्यक्रम को सफल एवं भव्य बनाने के लिए शुक्रवार को एसएमएस स्टेडियम पहुंचकर राज्य स्तरीय कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को सुरक्षा, पेयजल, यातायात, पार्किंग सहित तमाम आवश्यक व्यवस्थाओं के संबंध में दिशा-निर्देश प्रदान किए।

उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचन्द ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सतत प्रयासों एवं दूरदृष्टि के फलस्वरूप 21 जून को 'अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस' के रूप में वैश्विक मान्यता प्राप्त हुई है। यह दिवस न केवल भारत में, अपितु विश्वभर में उत्साह एवं उल्लास के साथ मनाया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि योग, हमारी सनातन संस्कृति की अमूल्य देन है, जिसे हमारे ऋषि-मुनियों ने मानवता को प्रदान किया। यह न केवल शारीरिक स्वास्थ्य का साधन है, बल्कि मानसिक संतुलन, आत्मिक शांति एवं जीवनशैली में संतुलन लाने का भी माध्यम है।

उप मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों से अपील करते हुए कहा कि योग को अपने दैनिक जीवन का अनिवार्य अंग बनाएं और समाज में योग के प्रचार-प्रसार हेतु प्रेरक भूमिका निभाएं, ताकि हम सभी मिलकर 'स्वस्थ राजस्थान' एवं 'समर्थ भारत' के निर्माण में अपना सक्रिय योगदान दे सकें।

# बावड़ी वाले बाबा का 2 दिवसीय वार्षिक उर्स कूल की रस्म के साथ मे सम्पन



मनोहरपूर, (रॉयल पत्रिका)। पुरानी सड़क के पास वाली बावड़ी में स्थित हिंदू मुस्लिम एकता के प्रतीक हजरत बावड़ी वाले सैय्यद बाबा का दो दिवसीय वार्षिक उर्स कूल की रस्म के साथ में विधिवत संपन्न हो गया।

दरगाह के खादीम सलीम शाह उर्फ छित्तर बाबा ने बताया कि उर्स की शुरुआत 19 जून गुरुवार को झंडे की रस्म के साथ में हुई इसी के साथ में जायरिनों का आना शुरू हुआ ।

इसके बाद में बाबा के शाम को चिराग रोशन किया गया रात्रि 10 बजे बाद में राजस्थान की मशहूर कव्वाल सिकंदर वारसी एन्ड कव्वाल पार्टी द्वारा महफिले शमा का आयोजन किया गया। जिसमें एक से बढ़कर एक कव्वाली सुनाकर जायरिनों को खुश कर दिया ।

शुक्रवार 20 जून को सुबह 4 बजे कूल की रस्म हुई इसी के साथ में पत्रकार और सराहनीय कार्य करने वाले तथा दूर दराज के आए हुए सूफियों का इस्तक़बाल किया गया ।

शुक्रवार 20 जून को दोपहर 2 बजे बाद में मोहल्ला सारवान से दरगाह तक चद्दर का जुलूस निकाला इस दौरान हिंदू मुस्लिम ग्रामीणों ने चद्दर के जुलूस पर पुष्प बरसाए व शरबत पिलाकर स्वागत किया। शाम 4 बजे बाद में लंगर का आयोजन किया गया जिसमें जायरिनों ने पंगत प्रसाद लेकर भारत देस की अमन चैन की दुआएं की। इस अवसर पर मुमताज बाबा, महमूद शाह, फज्जु शाह, इरफान शाह, मोहसिन खान आदि लोग उपस्थित थे।

# एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग थीम पर मनाया जाएगा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

## - जयपुर जिले में 2 लाख 51 हजार से ज्यादा लोग करेंगे योगाभ्यास



जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। जयपुर जिले में शनिवार, 21 जून को ग्यारहवां अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस, 2025 उमंग, उत्साह और उल्लास के साथ मनाया जाएगा। 'एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य' थीम पर आयोजित होने वाले अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के तहत जयपुर जिले में 2 लाख 51 हजार से अधिक लोग योग का अभ्यास करेंगे। जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आमजन से योगाभ्यास करने एवं योग को अपने जीवन का हिस्सा बनाने की अपील की है।

अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस आयोजन के प्रभारी एवं आयुर्वेद विभाग के अतिरिक्त निदेशक डॉ. बत्तीलाल बैरवा ने बताया कि जिले का मुख्य कार्यक्रम सवाई मान सिंह स्टेडियम में आयोजित होगा जिसमें राज्यपाल हरिभाऊ बागडे, उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा, कैबिनेट मंत्री राज्यवर्द्धन सिंह राठौड़, सांसद श्रीमती मंजू शर्मा, नगर निगम जयपुर ग्रेटर की महापौर श्रीमती सौम्या गुर्जर, विधायक गोपाल शर्मा सहित कई अन्य गणमान्य जनप्रतिनिधिगणों सहित 3 हजार से अधिक प्रतिभागी योगाभ्यास करेंगे।

वहीं, अल्बर्ट हॉल, रामनिवास बाग पर 2000 प्रतिभागी, बिड़ला मन्दिर पर 600 प्रतिभागी, सिटी पार्क मानसरोवर में 200 प्रतिभागी, हवा महल के सामने 100 प्रतिभागी, पत्रिका गेट पर 700 प्रतिभागी, सेन्ट्रल पार्क में 600 प्रतिभागी, जलमहल की पाल पर 1000 प्रतिभागी, आमेर फोर्ट में 600 प्रतिभागी, श्री गलता जी मंदिर परिसर में 200 प्रतिभागी, सिटी पैलेस में 100 प्रतिभागी, श्री गोविन्द देव जी मंदिर में 200 प्रतिभागी, जयगढ़ फोर्ट में 100 प्रतिभागी कुल 9400 सम्मिलित होंगे।

उन्होंने बताया कि जिला कलक्टर के निर्देशों की अनुपालना में आयुर्वेद, योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी एवं होम्योपैथी (आयुष) विभाग के तत्वाधान में जयपुर के प्रमुख स्थानों पर योग प्रशिक्षकों द्वारा आमजन को योग का अभ्यास करवाया गया है।

जयपुर शहर के विभिन्न धार्मिक व पर्यटन स्थलों प्रमुख स्थानों के साथ-साथ उपखंड एवं ग्राम पंचायत स्तर तक योग प्रशिक्षकों द्वारा आमजन को योग का अभ्यास करवाया जाएगा। सामूहिक योगाभ्यास से पूर्व आयोजन स्थल पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर संबोधन का सीधा प्रसारण किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि जयपुर ग्रामीण क्षेत्र में धार्मिक एवं पर्यटन स्थल जमवाय माता मन्दिर, जमवारामगढ, शीतला माता मंदिर, चाकसू, शाकम्भरी माता मन्दिर (कोरसीना), श्री दादू धाम पीठाधीश्वर मंदिर, नरैना, एवं ब्लॉक स्तर तथा ग्राम पंचायत स्तर पर एवं सभी आयुर्वेद चिकित्सालय, औषधालय, आयुष्मान आरोग्य मन्दिर में संभावित कुल 2 लाख 51 हजार योगाभ्यासियों को दक्ष योग प्रशिक्षकों द्वारा योगाभ्यास कराया जायेगा।

उन्होंने बताया कि जयपुर जिले में स्वयं सेवी संस्थाओं, योग संस्थाओं एवं विभिन्न सरकारी एवं गैर सरकारी शिक्षण संस्थाओं के द्वारा अन्य सार्वजनिक स्थानों पर भी योगा कराया जायेगा। योगा संगम पोर्टल पर अब तक 1 हजार 652 स्थानों का रजिस्ट्रेशन करवाया जा चुका है।

# योग दिवस से पूर्व सैकड़ों लोगों ने किया योगाभ्यास

## -विधायक गोपाल शर्मा और निगम चेयरमैन पवन शर्मा नटराज रहे मौजूद



जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। विश्व योग दिवस से पूर्व हेरिटेज निगम की ओर से विवेक विहार स्थित अहिंसा पार्क में योग कार्यक्रम आयोजित किया गया। नगर निगम हेरिटेज जयपुर और विवेक विहार पर्यावरण-खेल एवं विकास समिति के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में मानस योगा क्लासेज के योगाचार्य डॉ प्रेम मेहता ने स्थानीय निवासियों को योग अभ्यास कराया। हेरिटेज निगम के स्वच्छता समिति के चेयरमैन पवन शर्मा नटराज ने बताया कि वर्ष 2025 में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का विषय " एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गोपाल शर्मा विधायक सिविल लाइन्स, विशिष्ठ अतिथिगण पवन शर्मा (नटराज), चेयरमैन स्वच्छता एवं स्वास्थ्य समिति, हैरिटेज नगर निगम जयपुर रहे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता सुभाष शर्मा ने की। इस दौरान भाजपा जिला मंत्री रेखा राठौड़, मण्डल अध्यक्ष इन्द परमार एवं गौरव अग्रवाल, पार्षद राजेश कुमावत, अशोक शर्मा, शैलेश माथुर, विनय चौधरी, वीना परिहार, भूपेन्द्र राजावत, एडवोकेट हिम्मत सिंह, अजय वशिष्ठ, मुकुट बापना सहित सैकड़ों लोगों ने योग कर एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य का संदेश दिया।

# गांव-ढाणी तक योग की ज्योत जगा रहे आयुष्मान आरोग्य मंदिर

## -21 जून को 11 हजार संस्थानों में आयोजित होंगे योग संगम शिविर




जयपुर,(रॉयल पत्रिका)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की पहल पर प्रदेश में योग गतिविधियों को व्यापक स्तर पर बढ़ावा मिल रहा है। चिकित्सा मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर के मार्गदर्शन में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग इस दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। इससे गांव-ढाणी तक योग गतिविधियों की पहुंच सुनिश्चित हो रही है और लाखों लोगों को इसका लाभ मिल रहा है। चिकित्सा विभाग के माध्यम से संचालित आयुष्मान आरोग्य मंदिरों के माध्यम से योग गतिविधियां जन-जन तक पहुंच रही हैं। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर प्रदेश के 11 हजार से अधिक आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में योग संगम शिविर आयोजित होंगे। इन शिविरों में ग्रामीणजनों सहित शहरी घनी बस्तियों के निवासियों को भी योगाभ्यास करने की सुविधा मिलेगी।

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की प्रमुख शासन सचिव श्रीमती गायत्री राठौड़ ने बताया कि प्रदेशभर में चिकित्सा एवं आयुष विभाग के माध्यम से 11 हजार से अधिक आयुष्मान आरोग्य मंदिरों का संचालन किया जा रहा है। इन आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में रोगियों को 12 प्रकार की चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाती हैं, जिनमें योग एवं वैलनेस गतिविधियां भी शामिल हैं। अब तक इनके माध्यम से 42 लाख 59 हजार से अधिक योग सत्रों का आयोजन कर 5 करोड़ 28 लाख से अधिक लोगों को लाभान्वित किया गया है।

**आमजन को निःशुल्क मिल रही योगाभ्यास की सुविधा—**

श्रीमती राठौड़ ने बताया कि योग का जीवन में महत्व एवं इसका अनुसरण करने की भावना के साथ आमजन तक योगाभ्यास सेवा सुलभ करवाने के उद्देश्य में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग भी संकल्पबद्ध होकर सहभागिता निभा रहा है। ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में संचालित हैल्थ एंड वेलनेस सेंटर्स को आयुष्मान आरोग्य मंदिर के रूप में विकसित किया गया है और इन स्वास्थ्य केन्द्रों पर विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं के साथ ही योगाभ्यास की सेवाएं भी निःशुल्क उपलब्ध करवायी जा रही हैं। चिकित्सा विभाग द्वारा प्रारंभ किए गए निरामय राजस्थान अभियान में योगाभ्यास गतिविधियों को शामिल किया गया है एवं ग्रामीण-शहरी क्षेत्रों के आयुष्मान आरोग्य मंदिर केन्द्रों पर योग निपुण प्रशिक्षक के नेतृत्व में आमजन को योगाभ्यास करवाया जा रहा है। प्रत्येक केन्द्र पर प्रतिमाह कम से कम 10 योग सत्र आवश्यक रूप से संचालित करने का प्रावधान किया गया है और इसके लिए योगाभ्यास सत्र आयोजित करने वाले योग प्रशिक्षक को निश्चित पारिश्रमिक दिये जाने का प्रावधान है।

**योगाभ्यास सत्रों के लिए ब्लॉक स्तर पर कमेटी—**

निदेशक जनस्वास्थ्य डॉ. रवि प्रकाश शर्मा ने बताया कि आयुष्मान आरोग्य मंदिर प्रांगण में योगाभ्यास सत्रों के आयोजन के लिए ब्लॉक स्तर पर कमेटी का गठन किया गया है, जिसमें उपखंड अधिकारी, ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी और जिला आयुर्वेद अधिकारी द्वारा मनोनती आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी शामिल होते हैं। आयुष्मान आरोग्य मंदिर पर आयोजित होने वाले योगाभ्यास सत्रों की व्यापक स्तर पर मॉनिटरिंग की जाती है एवं आयोजित सत्र की रिपोर्टिंग आयुष्मान आरोग्य मंदिर पोर्टल पर अपलोड की जाती है। जून 2025 तक आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में 42 लाख 59 हजार से अधिक योगाभ्यास शिविर आयोजित कर लगभग 5 करोड़ 28 लाख लोगों को योगाभ्यास करवाया गया है। फील्ड में कार्यरत स्वास्थ्यकार्मिकों के माध्यम से ज्यादा से ज्यादा लोगों को आयुष्मान आरोग्य मंदिर पर आयोजित होने वाले योगाभ्यास शिविरों में सहभागिता बढ़ाने हेतु निरंतर प्रयास किये जा रहे हैं।

# राजस्थान गैस व्यावसायिक व औद्योगिक क्षेत्र में पीएनजी गैस की उपलब्धता में तीन गुणा बढ़ोतरी करेगी



जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। राज्य सरकार के संयुक्त उपक्रम राजस्थान गैस के चेयरमैन टी. रविकान्त ने कहा है कि आरएसजीएल इस वर्ष व्यावसायिक व औद्योगिक क्षेत्र में पीएनजी गैस की उपलब्धता में तीन गुणा बढ़ोतरी करेगी वहीं जल्दी ही दो नए सीएनजी स्टेशन शुरु किये जाएंगे। उन्होंने बताया कि इस समय आरएसजीएल द्वारा कोटा, कूकस, नीमराना सहित 18 सीएनजी स्टेशनों से 24 गुणा 7 सीएनजी सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही है।

माइंस एवं पेट्रोलियम सचिव व चेयरमैन आरएसजीएल टी. रविकान्त शुक्रवार को आरएसजीएल के संचालक मण्डल की वर्चुअली बैठक ले रहे थे। संचालक मण्डल की बैठक में आरएसजीएल के वर्ष 2024-25 के अंकेक्षित लेखों का अनुमोदन किया गया। उन्होंने बताया कि ग्रीन एनर्जी को बढ़ावा देने के लिए आरएसजीएल द्वारा 54 हजार से अधिक परिवारों तक डीपीएनजी सेवाएं पहुंचाने के लिए आधारभूत ढांचा विकसित कर लिया गया है। कोटा में 300 किमी एमडीपीई पाइपलाइन बिछाने का कार्य जारी है जिसमें से 21 किमी लाइन बिछा दी गई है। उन्होंने सीएनजी-डीपीएनजी सेवाओं को और अधिक नागरिकों तक पहुंचाने और कार्यों में विस्तार की आवश्यकता प्रतिपादित की।

आरएसजीएल के प्रबंध संचालक रणवीर सिंह ने बताया कि नवाचार करते हुए आरएसजीएल ने नीमराना में एलएनजी प्लांट का भूमि पूजन के साथ काम शुरु कर दिया है। जल्दी ही इस कार्य को पूरा होने से लंबी दूरी के भार वाहक वाहनों को एलएनजी गैस सुविधा उपलब्ध हो सकेगी।

एमडी रणवीर सिंह ने बताया कि इस साल पाइपलाइन से घरेलू गैस सुविधा का विस्तार करते हुए दो गुणा परिवारों को जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है। इसी तरह से सीएनजी सुविधाओं का विस्तार करने के लिए सीएनजी स्टेशन शुरु करने और औद्योगिक व व्यावसायिक इकाइयों को पीएनजी सेवा से जोड़ने के विशेष प्रयास किये जाएंगे।

# होटल फेडरेशन की तरफ से हाजियों का इस्तकबाल



सवाई माधोपुर,(रॉयल पत्रिका)। हज के पाक मुकद्दस सफर से हाजियों के आने का सिलसिला लगातार जारी है। इसी कड़ी में पुराने शहर सवाई माधोपुर निवासी मोईन शेख और मोहम्मद नादिश होटल व्यापारियो का होटल फेडरेशन ऑफ राजस्थान सवाई माधोपुर के जिला अध्यक्ष काजी अहतशामुद्दीन और फ़ेडरेशन के मीडिया प्रभारी समीउद्दीन ने इस्तकबाल किया।

## आवश्यक नम्बर

रॉयल पत्रिका

**बिजली फॉल्ट के लिए**

| | |
|---|---|
| टोल फ्री नंबर | 18001806507 |
| वॉट्सएप नंबर | 9414037085 |
| कस्टमर केयर | 2203000 |
| आईवीआरएस | 1912 |

**कचरा गाड़ी के लिए**

| | |
|---|---|
| ग्रेटर | 2747400 |
| सीवरेज लीकेज | 2607500 |
| हेरिटेज | 2607500 |
| टोल फ्री नंबर | 14420 |

**पुलिस की मदद के लिए**

| | |
|---|---|
| साइबर क्राइम | 1930/2360094 |
| कंट्रोल रूम | 2388435/36/37/38 |
| ट्रैफिक कंट्रोल रूम | 2565630 |
| चाइल्ड हेल्पलाइन | 1098 |
| महिला हेल्पलाइन | 1090 |
| मुख्यमंत्री पोर्टल | 181 |

**पानी के लिए**

| | |
|---|---|
| जलदाय कार्यालय | 2706624 |
| फायर ब्रिगेड | 2747400 |

**मेडिकल इमरजेंसी के लिए**

| | |
|---|---|
| एंबुलेंस | 102/108 |
| एसएमएस इमरजेंसी | 2518333 |
| महिला चिकित्सालय | 22610616 |
| जनाना हॉस्पिटल | 22378721 |
| SDMH | 22574189 |
| SMS ब्लड बैंक | 22518222 |
| कल्याण ब्लड बैंक | 22721771 |

**घायल पशुओं के लिए**

| | |
|---|---|
| नगर निगम | 2747400 |
| बर्ड बाइक | 9887345580 |
| हेल्प इन सफरिंग | 8107299711 |
| जनमंच ट्रस्ट | 7230055800 |
| पशु चिकित्सालय | 2747400 |

# ऊर्जा मंत्री ने 8.96 करोड़ रुपए के विकास कार्यों का किया शिलान्यास

## -33/11 केवी जीएसएस और उच्च जलाशय निर्माण कार्य का किया भूमि पूजन

शब्बीर हुसैन

कोटा, (रॉयल पत्रिका)। ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने शुक्रवार को सांगोद में राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के पास 33/11 केवी जीएसएस के निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया। वहीं पंचायत समिति सांगोद के पास बपावर रोड पर शहरी जल योजना के तहत उच्च जलाशय निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया। साथ ही, काशीपुरी मांगलिक धर्मशाला में शिलापट्ट का शिलान्यास और लक्ष्मीपुरा स्थित तालाब पर 101 पौधे रोपने के कार्य का शुभारंभ किया। ऊर्जा मंत्री ने काशीपुरी मांगलिक धर्मशाला में आयोजित जनसुनवाई में आमजन की समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को मौके पर ही निस्तारण के निर्देश दिए।

इस अवसर पर ऊर्जा मंत्री ने कहा कि सांगोद को सड़क, पानी, बिजली से लेकर हर आधारभूत आवश्यकता हमारी प्राथमिकता में है। सांगोद की जनता को निर्बाध और पूरे वोल्टेज से बिजली मिले, इसके लिए सांगोद में एक और जीएसएस बनाया जा रहा है। सांगोद की जनता को पीने के पानी की पर्याप्त आपूर्ति हो, पूरे प्रेशर से नलों में पानी आए, इसके लिए उच्च जलाशय के निर्माण कार्य का भूमि पूजन भी कर दिया है। पानी स्वच्छ हो, शुद्ध हो, पीने के योग्य हो, इसके लिए फिल्टर प्लांट की क्षमता बढ़ाएंगे। जिसके लिए भी 8 करोड़ रुपए की मंजूरी ले ली गई है।

उन्होंने कहा कि सांगोद में दोनों मुख्य रास्तों को डिवाइडर रोड़ बनाने के लिए 12 करोड़ रूपए स्वीकृत हो गए हैं। नालों का गंदा पानी नदी में जाने से रोकने के लिए सीवरेज के लिए भी 20 करोड़ रुपए की राशि मंजूर हो गई है।

उन्होंने कहा कि सांगोद क्षेत्र के लोगों के खेतों को पानी भी पहुंचाएंगे और खेतों के लिए रास्ता भी दिलवाएंगे, ये भी हमारा संकल्प है। खेतों के रास्ते के लिए मुख्यमंत्री ने 25 करोड़ रुपए सर्वाधिक सांगोद के लिए स्वीकृत किए हैं। नागर ने कहा कि गांव-गांव में वंचित लोगों की सूची बनाएं, इन्हें सरकारी योजनाओं से जोड़ें।

इस अवसर पर जिला प्रमुख मुकेश मेघवाल, प्रधान जयवीर सिंह, उप प्रधान ओम नागर अड़ूसा, भाजपा सांगोद देहात मंडल अध्यक्ष कृष्ण मुरारी मेहता, सांगोद नगर अध्यक्ष चंद्रप्रकाश सोनी, जिला उपाध्यक्ष दिलीप गर्ग, क्रय विक्रय सहकारी समिति के अध्यक्ष ओम मेहता उपस्थित रहे।

**5.22 करोड रुपए की लागत से बनेगी टंकी**

अमृत 2.0 के अंतर्गत शहरी जल योजना सांगोद में पेयजल के लिए 5.22 करोड रुपए की लागत से 300 किलो लीटर के अतिरिक्त उच्च जलाशय का




निर्माण कराया जाएगा। जिसमें पंप हाउस बनेगा। वहीं राइजिंग मेन पाइपलाइन डाली जाएगी। इसके अलावा पेयजल विहीन कॉलोनी में वितरण लाइन भी बिछेगी। साथ ही, 24 हजार मीटर जीर्ण शीर्ण पाइपलाइन भी बदली जाएगी। इस जलाशय के बनने से सांगोद नगर की सेन कॉलोनी, बपावर रोड, नसिया जी बाईपास, राधाकृष्ण कॉलोनी, सांगोद पंप हाउस से एसबीआई बैंक बाईपास, खटीक मोहल्ला, पुराना बाजार, कौड़ियों का चौक, रिवर फ्रंट बाईपास के बाशिंदों को लाभ होगा।

**33/11 केवी जीएसएस से मिलेगी गुणवत्तापूर्ण बिजली**

भगवानपुरा सांगोद में 3.76 करोड़ रुपए की लागत से नया 33/11 केवी जीएसएस बनेगा। इसके निर्माण से सांगोद क्षेत्र की बिजली सप्लाई सुदृढ़ होगी। ट्रिपिंग व कम वोल्टेज की समस्या से भी राहत मिल सकेगी। इसके निर्माण से परवन सिंचाई परियोजना के नांगलहेडी एवं गाडरवाड़ा के 33 केवी पर कनेक्शन जारी करने की राह भी खुल सकेगी। साथ ही, 132 केवी जीएसएस सांगोद के अंदर से निकलने वाले सभी 11 केवी फीडर इस नवनिर्मित जीएसएस पर शिफ्ट किए जाएंगे। इसके निर्माण के बाद सांगोद के 2 हजार उपभोक्ताओं को लाभ मिलेगा। साथ ही, औद्योगिक व पीएचईडी कनेक्शन को भी राहत मिल सकेगी। पूर्व स्थापित 33/11 केवी सब स्टेशन सांगोद के सघन बस्ती में आ जाने से नए 11 केवी फीडर निकालना संभव नहीं हो पा रहा था। अब इस नए जीएसएस के निर्माण से इस कठिनाई को भी दूर किया जा सकेगा।

# जल संरक्षण की दिशा में बड़ी पहल, जलसंसाधन मंत्री ने किया अनेक कार्यों के लिए भूमिपूजन

## -वंदे गंगा जल संरक्षण अभियान ले रहा सुनहरा आकार

बांसवाड़ा, (रॉयल पत्रिका)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की पहल पर राजस्थान भर में संचालित वन्दे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के अन्तर्गत जल संसाधन विभाग द्वारा बांसवाड़ा जिले में गुरुवार को आयोजित कार्यक्रमों में जलसंसाधन मंत्री सुरेशसिंह रावत ने भूमि पूजन कर नहरी तंत्र के जीर्णोद्धार, सुदृढ़ीकरण एवं विस्तार कार्यों की शुरूआत की। जल संसाधन मंत्री ने दायीं मुख्य नहर अन्तर्गत आरडी 64 किमी, गनोड़ा पर आयोजित कार्यक्रम में गनोड़ा, लोहारिया, आसोड़ा और खोडन वितरिका एवं वितरण प्रणाली के जीर्णोद्धार कार्य का भूमि पूजन किया और हरियालो राजस्थान अभियान के अन्तर्गत पेड़ लगाकर वृक्षारोपण गतिविधियों का शुभारंभ किया।

जलसंसाधन मंत्री ने इसके बाद घाटोल के हारो बांध पर आयोजित कार्यक्रम में नरवाली, कंटाव, जगपुरा एवं हारो वितरिका एवं वितरण प्रणाली के जीर्णोद्धार कार्य का भूमिपूजन किया। इस मौके पर जल संरक्षण के प्रति व्यापक जनजागृति संचार के उद्देश्य से 'पानी रो मान राखो, जीवन रो ध्यान राखो' का संदेश भी दिया गया।

इन दोनों ही भूमि पूजन समारोहों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि जल संसाधन मंत्री सुरेशसिंह रावत ने प्रदेश सरकार के इस अभियान को राजस्थान में बहुआयामी खुशहाली लाने का अभियान बताया। सुरेश सिंह रावत ने कहा जल अमूल्य संसाधन है और इसे संरक्षित करना हम सभी की सर्वोपरि जिम्मेदारी है। प्रदेश सरकार द्वारा इस अभियान के माध्यम से गांव-गांव में जल जागरूकता फैलाकर आगामी पीढ़ियों के लिए जल सुरक्षा सुनिश्चित की जा रही है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार सिंचाई सुविधाओं के विकास एवं विस्तार के लिए निरन्तर भरसक प्रयासों में जुटी हुई है और इनसे संबंधित कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ किया जा रहा है। कार्यक्रम में विशिष्ठ अतिथियों के रूप में गढ़ी विधायक कैलाश मीणा सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि गणमान्य उपस्थित रहे।



**अभियान की विशेषताएं—**

प्रदेश भर में शुक्रवार से जारी यह अभियान 20 जून 2025 तक चलेगा। इसके अन्तर्गत पीएमकेएसवाई (प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना) और मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन अभियान के अंतर्गत विभिन्न जल संरक्षण गतिविधियों का क्रियान्वयन किया जा रहा है। इनमें विशेष रूप से जल संरक्षण, सिंचाई क्षमता में वृद्धि और किसानों की उपज में सुधार आदि पर ध्यान केन्द्रित किया गया है।

इन आयोजनों में अंचल के किसानों एवं क्षेत्रीय ग्रामीणों ने जल संरक्षण के लिए अपनी सहभागिता का संकल्प लिया और प्रदेश सरकार द्वारा इस दिशा में संचालित अभियान पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए अभियान के उद्देश्यों में आशातीत सफलता के लिए अपनी आत्मीय सहभागिता दोहराई गई।

# मिलावटी घी की सूचना पर देर रात दबिश देकर टेम्पो ट्रक से 1183 किलो घी व वेज फेट जब्त

**मोहम्मद यासीन**

पाली, (रॉयल पत्रिका)। जिले में मिलावट खोरों के खिलाफ विशेष अभियान चलाते हुये आयुक्त खाद्य सुरक्षा औषधि नियंत्रण एच गुईटे के दिशा निर्देश पर पाली जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. विकास मारवाल व खाद्य सुरक्षा अधिकारी के नेतृत्व में मिलावटी घी की सूचना पर देर रात को दबिश देकर नेशनल हाईवे 14 पर जाडन के समीप टेम्पो ट्रक से 1183 किलो घी व वेज फेट जब्त किया गया। सीएमएचओ डॉ. विकास मारवाल ने बताया की मुखबीर की सूचना पर खाद्य सुरक्षा अधिकारी मय दल द्वारा तेज गती से चल रहे टेम्पो ट्रक का पीछा कर उसे जाडन पेट्रोल पम्प पर रूकवाया गया। जिसकी जांच पड़ताल करने पर खाद्य सुरक्षा अधिकारी सुरेश चन्द्र शर्मा को बिना बिल के विक्रय होने जा रहे घी का मिलावटी होने का संदेह हुआ जिस पर विभाग द्वारा कार्यवाही करते हुये चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की आर्दश प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र जाडन पर टेम्पो ट्रक में भरे माल को खाली करवाया गया। एफएसओ द्वारा टेम्पो ट्रक के चालक शक्ती सिहं रावत से पूछतात करने पर बताया की श्री श्याम फुड प्रोडेक्ट अजमेर के निर्माण एवं उत्पादक इकाई से घी व वेज फेट टेम्पो ट्रक में भरवाया गया। जो पाली जिले के विभिन्न गावों में दुकान व प्रतिष्ठानों पर विक्रय हेतु जा रहा था। मामले को गम्भीरता से लेते हुये खाद्य सुरक्षा अधिकारी व सीएमएचओ ने जब्त सभी खाद्य पदार्थ को सीज कर उनके सेम्पल लिये गये। कार्यवाही के दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारी दल के साथ फुड सैफ्टी टैक्निशियन खुशाल चन्द सैन, ऑपरेटर ओम प्रकाश प्रजापत, लक्ष्मणदान चारण उपस्थित रहे।

**टेम्पो ट्रक में 06 ब्रांड के घी व वेज फेट**

डॉ. विकास मारवाल ने बताया की राज्य सरकार के शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के तहत मिलावट के रोकथाम पर कार्यवाही करते हुये टेम्पो ट्रक से 06 ब्रांड के घी व वेज फेट जब्त किये इनमे घी ब्रांड सरल, नमस्ते



कृष्णा, श्री राजंवशी सुपर सारथी घी, सरल के 15 किलो टीन व वेज फेट डेयरी सरस रिफायड पॉम ऑयल सारस कुंकीग मिडीयम ऑयल सहीत आधा लीटर 01 लीटर व 05 लीटर घी की सामग्री को सीज किया गया।

**तेज बारीश के बावजूद देर रात तक चलती रही कार्यवाही**

खाद्य सुरक्षा अधिकारी सुरेश चन्द्र शर्मा ने बताया की भारतीय खाद्य सुरक्षा मानक प्राधीकरण द्वारा बनाये गये खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 विनियम 2011 कानून के तहत खाद्य पदार्थो में मिलावट का संदेह होने होने पर अजमेर के सराधना स्थित श्री श्याम फूड प्रोडेक्टस निर्माण एवं उत्पादक इकाई द्वारा बाजार में विक्रय के लिए जाने वाले घी पर खाद्य सुरक्षा अधिकारी मय दल द्वारा तेज बारीश के बावजूद देर रात 12 बजे तक कार्यवाही को अंजाम दिया गया। उन्होने बताया कि आमजन को शुद्ध व सुरक्षित आहर उपलब्ध करवाने को लेकर प्रदेश के मुख्यमंत्री व राज्य सरकार की मंशा के अनुसार बडी कार्यवाही की गई। साथ ही खाद्य पदार्थो में मिलावट करने वाले एफबीओ की सूचना देने पर राज्य सरकार 51000 की ईनाम राशि दी जायेगी ।

# सामूहिक प्रयासों से ही होगा सिकल सेल एनीमिया का उन्मूलन - टीएडी मंत्री बाबूलाल खराड़ी

## -विश्व सिकल सेल दिवस पर उदयपुर में हुआ राज्य स्तरीय जागरुकता कार्यक्रम मरीजों की नि:शुल्क स्क्रीनिंग

उदयपुर, (रॉयल पत्रिका)। विश्व सिकल सेल दिवस के अवसर पर 'धरती आबा जनभागीदारी अभियान' के तहत उदयपुर जिले के महाराणा भूपाल राजकीय अस्पताल में सेंटर ऑफ कम्पीटेंस फॉर सिकल सेल डिजीज़ के तत्वावधान में राज्य स्तरीय जागरूकता कार्यक्रम गुरूवार को जनजाति क्षेत्रीय विकास मंत्री बाबूलाल खराड़ी के मुख्य आतिथ्य में आयोजित हुआ।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केबिनेट मंत्री खराड़ी ने कहा कि बीमारियों का खात्मा सरकार का कर्तव्य है। इस दिशा में सरकार निरंतर प्रयासरत है। सिकल सेल एनीमिया बीमारी जनजाति क्षेत्र में अधिक व्याप्त है। इसके उन्मूलन के लिए सामूहिक प्रयासों की दरकार है। उन्होंने लोगों को अधिक से अधिक बीमारी के संबंध में जागरूक करते हुए उपचार के लिए प्रेरित करने की आवश्यकता जताई। खराडी ने 'स्वस्थ व्यक्ति, स्वस्थ समाज, स्वस्थ देश' का नारा देते हुए सभी की सहभागिता की अपील की।

**56 की जांच, 15 को बांटे प्रमाण पत्र —**

कार्यक्रम में सिकल सेल मिशन, इस बीमारी के कारण, लक्षण, निदान और उपचार के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। मुख्य आकर्षण के रूप में दो विशेष टेबल्स पर निःशुल्क सिकल सेल स्क्रीनिंग एवं दिव्यांग प्रमाण पत्र जारी करने की सुविधा उपलब्ध कराई गई। कार्यक्रम के दौरान 56 लोगों की जांच की गई। साथ ही 15 लोगों को दिव्यांगता प्रमाण पत्र वितरित किए गए। डॉ. सुमन ने बताया कि उदयपुर में संचालित यह सेंटर भारत का दूसरा डिजीज सेंटर ऑफ कॉम्पीटेंस है, जो विश्व का पहला सिकल सेल वेलनेस हब है और एनएन ऑर्गेनाइजेशन द्वारा समर्थित है। यह वेलनेस हब समर्पित उपचार, निदान और प्रशिक्षण के साथ सिकल सेल रोगियों के जीवन में सुधार लाने के लिए प्रतिबद्ध है। यहां दैनिक ओपीडी एवं आईपीडी सेवाएं, सिकल सेल रोग का नैदानिक परीक्षण, समग्र उपचार एवं देखभाल, जनजागरूकता हेतु आउटरीच कार्यक्रम और सभी 9 जनजातीय जिलों में स्वास्थ्य




कार्यकर्ताओं के लिए प्रशिक्षण जैसी सुविधाएं उपलब्ध हैं।

**हेल्पलाइन का शुभारंभ —**

कार्यक्रम के दौरान केबिनेट मंत्री बाबूलाल खराड़ी ने साथ ही सिकल सेल हेल्पलाईन का शुभारभ किया। खराड़ी ने फोन लगाकर मोबाईल नम्बर-8690088847 उदयपुर एवं राज्य के नागरिकों को समर्पित किया। डॉ. सुमन ने सभी नागरिकों से अनुरोध किया कि सिकल सेल रोग के प्रति जागरूक रहें, समय पर जांच करवाएं और इस मिशन में भागीदार बनें। अधिक जानकारी एवं सहायता के लिए बाल चिकित्सालय, महाराणा भूपाल राजकीय अस्पताल, रूम नंबर 524 पर संपर्क कर सकते हैं या हेल्पलाइन नंबर 8690088847, 0294-2528811-17 (एक्सटेंशन 2410) पर कॉल कर सकते हैं।

कार्यक्रम के दौरान सेन्टर के साथ अच्छा कार्य करने के लिये 10 चिकित्सक एवं अन्य स्टाफ को सम्मानित किया गया।

# संभागीय आयुक्त ने केशोरायपाटन में किसानों से किया संवाद



**शब्बीर हुसैन**

कोटा, (रॉयल पत्रिका)। संभागीय आयुक्त राजेन्द्र सिंह शेखावत ने शुक्रवार को केशोरायपाटन के हनुमान मंदिर परिसर में किसानों से संवाद किया और उनकी समस्याओं को सुना। किसानों ने सिंचाई के पानी व कृषि संबंधी विषयों पर अपनी समस्याएं रखीं। संभागीय आयुक्त ने किसानों को उनकी समस्याओं के जल्द समाधान का आश्वासन दिया।

संवाद से पहले संभागीय आयुक्त ने हनुमान मंदिर में 'वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान' और 'हरियालो राजस्थान' के तहत पौधारोपण किया। इस अवसर पर संभागीय आयुक्त ने पर्यावरण संरक्षण और जल संरक्षण के महत्व के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि पौधारोपण वर्तमान समय की आवश्यकता है और सभी को इसमें अपना योगदान देना चाहिए। उन्होंने 'वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान' के उद्देश्यों के बारे में बताते हुए जल स्रोतों को स्वच्छ रखने और जल का सदुपयोग करने की अपील की।

बारां-शाहाबाद सड़क का किया निरीक्षण

संभागीय आयुक्त ने समाज कल्याण विभाग के कार्यालय का निरीक्षण किया। उन्होंने देवनारायण छात्रावास, बारां-शाहाबाद सड़क का भी निरीक्षण किया उन्होंने सड़क पर शीघ्र ही पेचवर्क करने के संबंध में विभाग को निर्देश दिए।

# जिला स्तरीय जनसुनवाई कलक्टर एलएन मंत्री ने सुनी आमजन की समस्यायें

पाली, (रॉयल पत्रिका)। जिला स्तरीय जनसुनवाई गुरूवार को जिला कलेक्ट्रेट परिसर स्थित सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग कार्यालय में वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से जिला कलक्टर एलएन मंत्री की अध्यक्षता में आयोजित हुयी। जनसुनवाई में जिला कलक्टर मंत्री ने आमजन की समस्याओं को सुना और उनके निराकरणा के लिये संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये और उनकी समस्याओं का समाधान हो। जनसुनवाई में मारवाड विधायक केसाराम चौधरी भी मौजूद रहे और आवश्यक निर्देश दिये।

जनसुनवाई में जिला कलक्टर मंत्री ने विभिन्न विभागों के आये हुये प्रकरणों की सुनवाई की और सम्बन्धित अधिकारियों को निस्तारण के निर्देश दिये। जिला कलक्टर ने पानी, बिजली, राजस्व, पुलिस, अतिक्रमण व अन्य प्रकरणों की सुनवाई की व समाधान के निर्देश दिये। जनसुनवाई में कुल 63 प्रकरण आएं। जनसुनवाई में नगर परिषद के सबसे अधिक प्रकरण दर्ज हुए,



इसी प्रकार पंचायतीराज, पुलिस, बिजली, यूआईटी, जलदाय एवं रेवेन्यु आदि प्रकरण प्राप्त हुए जिनकी सुनवाई कर समाधान के निर्देश दिए।

**सम्पर्क पोर्टल पर दर्ज प्रकरणों के निस्तारण के दिये निर्देश**

इस अवसर पर जिला कलक्टर एलएन मंत्री ने बैठक में सम्पर्क पोर्टल पर दर्ज प्रकरणों की समीक्षा की और लम्बित प्रकरणों के निस्तारण के निर्देश दियें। सतर्कता समिति की बैठक में कुल 9 प्रकरण रखे 3 का निस्तारण

जिला कलेक्टर एलएन मंत्री ने आयोजित जिला सतर्कता समिति की बैठक में 3 प्रकरणों का निस्तारण किया व कुल 9 प्रकरणों की सुनवाई की अन्य मामलों में संबंधित अधिकारियों को निस्तारण के निर्देश दिये।

# बिजली के बिलों में भारी धांधली

## -उपभोक्ताओ से विद्युत विभाग द्वारा एक महीने के बिजली के बिल के साथ दो महीने का फ्यूल चार्ज वसूल किया जा रहा

## -सरकार से स्मार्ट मीटर नहीं लगाने की मांग -जागरवाल

पाली, (रॉयल पत्रिका)। राजीव गांधी पंचायती राज के पाली जिलाध्यक्ष मदनसिंह जागरवाल ने राज्य के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को पत्र और जिला कलेक्टर पाली को ज्ञापन देकर पाली जिले में जोधपुर विद्त निगम द्वारा बिजली के बिल एक माह में वितरण करने पर भी फ्यूल चार्ज दो माह के लगा कर भेजने की उच्च स्तरीय जांच के साथ स्मार्ट बिजली के मीटर नहीं लगाने की मांग की। मुख्यमंत्री को पत्र में लिखा पिछले चार माह से जोधपुर विद्त निगम द्वारा बिजली के बिल प्रति एक माह से भिजवाए जा रहे है। लेकिन बिल में मीटर चार्ज फ्यूल चार्ज ओर अन्य चार्ज पहले की तरह दो माह के बिलों की तरह उपभोक्ताओं से चार्ज कर रहे हे जो जनता के साथ सरासर अन्याय हे ओर जोधपुर विद्त निगम की खुली लूट हो रही है। अब पाली शहर में स्मार्ट बिजली के मीटर लगाने की शुरुआत गरीब बस्तियों से कर दी गई है।

जिससे उपभोक्ताओं पर दोहरी मार पड़ेगी, अभी भी इलेक्ट्रिक मीटर से गर्मी में मीटर अपने आप यूनिट निकाल देते है और उपभोक्ताओं को दो माह की बिल भरने में छूट मिलती थी अब एक माह में ही बिल भरना पड़ता है

गरीब और आम आदमी दिनों दिन दबता जा रहा है अब स्मार्ट मीटर लगाने से यूनिट अधिक आयेंगे अब बिजली कंपनियां पहले रिचार्ज करवाओ और फिर बिजली पाओ के रास्ते पर चल पड़ी है। जिससे जनता की आर्थिक स्थिति ओर कमजोर होगी।

इस तरह बिजली कंपनियां की मनमानी का आम जनता के साथ राजीव गांधी पंचायती राज संगठन भारी विरोध करेगी और शहर तहसील उपखंड ओर जिला मुख्यालय पर धरना दिया जाएगा। जागरवाल ने बताया कि राज्य की भाजपा सरकार ने सत्ता में आने से पहले प्रदेश में बिजली पानी सड़क चिकित्सा और मूलभूत सुविधा उपलब्ध करने का वादा किया था और प्रदेश की जनता को मूर्ख बना कर सत्ता तो हासिल कर ली मगर धीरे धीरे जनता पर बोझ डाल रही है। सरकार द्वारा स्मार्ट मीटर लगाने की स्कीम को बंद नहीं किया गया तो आगामी दिनों में पंचायती राज और नगर निकायों के चुनावों में जनता करारा जवाब देगी।

राजीव गांधी पंचायती राज जिला अध्यक्ष मदनसिंह जागरवाल ने मुख्यमंत्री से पुर जोर मांग की है की सरकार बिजली कंपनियों को निर्देश देकर बिजली के बिलों में दो माह के लग रहे सरचार्ज अन्य चार्ज एक माह का करे और स्मार्ट मीटर लगाने पर रोक लगाई जाए। अन्यथा पूरे प्रदेश में आंदोलन होगे। मुख्यमंत्री को दिए ज्ञापन में जिला उपाध्यक्ष दिनेश आदिवाल अमर सिंह पवार घाणेराव, दीपक शर्मा मारवाड़ समन्वयक पहलाद कंडारा, राजेंद्र लहर भंवरलाल मेघवाल, अनिल भाटी बाली पंकज सेनी ब्लॉक अध्यक्ष बगदाराम



मेघवाल सुमेरपुर, सदाराम विश्नोई रोहट, मोहन लाल दादालिया मारवाड़ थानाराम प्रजापत बाली रमेश चावला पाली शहर लक्माराम जाट देसूरी, मिश्रीमल परमार रानी बंशीधर वैष्णव सोजत चिमनाराम मेघवाल पाली देहात वेलाराम पटेल खुदाबख्श पठान ओगड राम लुहार इंद्रजीत सिंह आहू वालिया आदि अनेक जिला पदाधिकारियों ने हस्ताक्षर किए।

# अन्तरराष्ट्रीय योग दिवस की पूर्व तैयारी व जागरूकता का दस दिवसीय योग शिविर सम्पन्न

पाली, (रॉयल पत्रिका)। अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस की पूर्व तैयारी व जागरूकता का दस दिवसीय योग शिविर शुक्रवार को सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम संयोजक तिलोक चौधरी ने बताया कि योग शिविर विजय बालाजी कैलाश धाम सरदार समंद रोड पर आयोजित हुआ धार्मिक स्थल पर आयोजित योग मे पाली के प्रभुतनागरिकगण व आमजन भाग लिया 21 जुन को लाखोटिया उधान मे आयोजित कार्यक्रम मे सभी को भाग लेने का आह्वान किया इस अवसर पर योग गुरु नरेंद्रजी माछर विजयराजजी सोनी व आयुर्वेद विभाग के बजरंगलाल जी शर्मा व डॉ. सिवकुमार शर्मा ने योग के बारे में विस्तार से चर्चा कर आमजन को जागरूक किया और योग के महत्व के बारे मे बताया उचित खान-पान और योग प्रति जागरूक रहे ओर स्वस्थ रहे इस अवसर पर जिला अध्यक्ष सुनिल भंडारी पुर्व सभापति महेंद्र बोहरा जिला प्रवक्ता त्रिलोक चौधरी पुर्व पार्षद सवाईसिह जैतावत गणपत बावरी रमाकांत मिश्रा नारायण कुमावत मानवेंद्र सिंह भाटी नरपत दवे मागीलाल सुथार सहित गणमान्य नागरिक गण उपस्थित हुए।

## खबर संक्षेप

### कमजोर वैश्विक संकेतों के बीच सोना 150 रुपए टूटा



**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय बाजारों में बहुमूल्य धातुओं की कीमतों में गिरावट के बीच बृहस्पतिवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोने की कीमत 150 रुपये टूटकर 1,00,560 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई। पिछले कारोबारी सत्र में 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 1,00,710 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था।

### रुपया 30 पैसे की गिरावट के साथ 86.73 प्रति डॉलर पर



**मुंबई।** रुपये में लगातार तीसरे कारोबारी सत्र में गिरावट देखी गई। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में बृहस्पतिवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 30 पैसे की गिरावट के साथ 86.73 पर बंद हुआ। विदेशी बाजारों में डॉलर के मजबूत होने तथा कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों के कारण डॉलर के मुकाबले रुपया 30 पैसे लुढ़ककर 86.73 पर बंद हुआ।

### कल्पतरु का आईपीओ 24 जून को खुलेगा, मूल्य दायरा तय

**नई दिल्ली।** रियल एस्टेट डेवलपर कल्पतरु लिमिटेड ने अपने 1,590 करोड़ रुपये के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए 387-414 रुपये प्रति शेयर का मूल्य दायरा तय किया है। आईपीओ 24 जून को खुलेगा और 26 जून का संपन्न होगा। बड़े (एंकर) निवेशक 23 जून को बोली लगा पाएंगे।

### क्रिसिल ने 33 करोड़ में ओपीएल में अल्पांश हिस्सेदारी खरीदी



**नई दिल्ली।** डेटा, अनुसंधान, विश्लेषण एवं समाधान प्रदाता क्रिसिल ने ऑनलाइन पीएसबी लोन्स लिमिटेड में अल्पांश हिस्सेदारी हासिल करने के लिए 33.25 करोड़ रुपये का निवेश किया है। दिसंबर, 2024 में निवेश की इच्छा जाहिर की थी। 'डिजिटल क्रेडिट इन्फ्रास्ट्रक्चर' कंपनी है, जो उन्नत प्रौद्योगिकियों का विकास एवं एकीकरण करती है।

### एलेनबैरी इंडस्ट्रियल का आईपीओ 24 को खुलेगा



**नई दिल्ली।** एलेनबैरी इंडस्ट्रियल गैसेज ने अपने 852 करोड़ रुपये के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम के लिए 380-400 रुपये प्रति शेयर का मूल्य दायरा तय किया है। 26 जून को बंद होगा। आईपीओ 400 करोड़ रुपये के नए शेयरों के निर्गम और 452.53 करोड़ रुपये के 1.13 करोड़ शेयरों की बिक्री पेशकश का संयोजन है।

### सरकार ने कोलाइडल धातुओं के आयात पर अंकुश लगाया

**नई दिल्ली।** सरकार ने देश के भीतर तरल रूप में सोने के अवैध प्रवाह को रोकने के मकसद से कुछ कोलाइडल बहुमूल्य धातुओं पर आयात अंकुश लगा दिया है। कोलाइडल बहुमूल्य धातुएं तरल रूप में फैले सोने या चांदी के नैनो कणों के विलयन होते हैं। उद्योग विशेषज्ञों का कहना है कि कुछ आयातक थाईलैंड जैसे देशों से आयात के लिए तरल रूप में स्वर्ण कणों का सहारा ले रहे थे। विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने एक अधिसूचना में कहा, ''सीटीएच 2843 श्रेणी के तहत आने वाली वस्तुओं की आयात नीति को तत्काल प्रभाव से 'मुक्त' से संशोधित कर 'अंकुश' किया जाता है।''

# निजी क्षेत्र के बैंकों में 1 जुलाई से होंगे बदलाव, महंगे होंगे डेबिट कार्ड से जुड़े चार्ज

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्राइवेट सेक्टर के बैंकों के कुछ नियमों में एक जुलाई से बदलाव होने जा रहा है। एक तरफ जहां एचडीएफसी बैंक ने क्रेडिट कार्ड को लेकर कुछ नियमों में बदलाव किया है तो वहीं आईसीआईसीआई बैंक की तरफ से कुछ ट्रांजेक्शन पर लगने वाले चार्ज में भी बदलाव किया गया है।

- फ्यूल पर 15 हजार से ज्यादा खर्च करने पर एक फीसदी ज्यादा शुल्क

एचडीएफसी बैंक के क्रेडिट कार्ड का अगर इस्तेमाल करके आप एमपीएल, ड्रीम 11 जैसे गेमिंग एप्स पर दस हजार रुपए से ज्यादा प्रति महीने खर्च करते हैं तो आपको उसके ऊपर एक प्रतिशत से ज्यादा चार्ज देना होगा। ऐसे ही मोबिक्विक, पेटीएम, ओला मनी और फ्रीचार्ज जैसे थर्ड पार्टी वॉलेट्स पर दस हजार रुपए से ज्यादा एक महीने में डालते हैं तो उस पर भी एक प्रतिशत चार्ज लगेगा। फ्यूल पर 15 हजार रुपए से ज्यादा खर्च करने पर एक प्रतिशत का अतिरिक्त चार्ज देना होगा। इसके अलावा, अगर बिजली-पानी और गैस पर पचास हजार रुपए से ज्यादा चुकाते हैं तो भी उस पर एक प्रतिशत चार्ज देना होगा।

## क्रेडिट कार्ड का उपयोग गेमिंग ऐप पर करने से ज्यादा लगेगा चार्ज

### मेट्रो शहरों में तीन बार ट्रांजेक्शन फ्री

मेट्रो शहरों में हर महीने तीन बार ट्रांजेक्शन फ्री मिलेगा। जबकि छोटे शहरों में आपको पांच ट्रांजेक्शन तक फ्री दिया जाएगा। इसके बाद पैसे निकालने पर पहले जहां 21 रुपए लगते थे तो वहीं अब आपको 23 रुपए चार्ज के तौर पर देना होगा। जबकि सिर्फ बैंलेंस चेक करते हैं या गैर वित्तीय काम करते हैं तो फिर उस पर 8.5 रुपए प्रति ट्रांजेक्शन चार्ज लगेगा।




### पांच लाख के ऊपर 15 रुपए प्रति ट्रांजेक्शन देना होगा

इसके अलावा, आईएमपीएस यानी तत्काल सेवा के जरिए पैसे भेजने के ऊपर अब आपके ट्रांजेक्शन के हिसाब से चार्ज देना होगा। जैसे 1 हजार रुपए पर ढाई रुपये प्रति ट्रांजेक्शन, जबकि एक हजार से लेकर एक लाख तक के ऊपर 5 रुपये प्रति ट्रांजेक्शन। वहीं एक लाख से लेकर पांच लाख तक के ऊपर 15 रुपये प्रति ट्रांजेक्शन देना होगा।

### आईसीआईसीआई बैंक के नियमों में बदलाव

प्राइवेट सेक्टर के एक और बड़े बैंक आईसीआईसीआई बैंक ने आईएमपीएस और एटीएम पर लगने वाले कुछ शुल्कों में बदलाव किया है। इसके बाद अगर आप अब अगर किसी दूसरे बैंक का इस्तेमाल करेंगे तो उस पर कुछ अतिरिक्त चार्ज देना होगा।

## ईरान ने सिर्फ कूटनीतिक दबाव के लिए बंद करने की दी धमकी

# धमकियों के बावजूद ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य को कभी बंद नहीं किया

एजेंसी ▶▶ मुंबई

वैश्विक तेल एवं गैस परिवहन के लगभग पांचवें हिस्से और भारत की एक-तिहाई से अधिक ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने वाला रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण होर्मुज जलडमरूमध्य कभी बंद नहीं हुआ है और ईरान ने सिर्फ कूटनीतिक दबाव के लिए इसे बंद करने की धमकी दी है।

विश्लेषकों ने यह कहा है। उनका यह भी कहना है कि पेट्रोलियम उत्पादों की अच्छी आपूर्ति है और मौजूदा ईरान-इजराइल संघर्ष के बावजूद वैश्विक ऊर्जा परिदृश्य के समक्ष कोई खतरा नहीं है। होर्मुज जलडमरूमध्य ईरान, ओमान और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के बीच स्थित है और यह सऊदी अरब, ईरान, इराक, कुवैत एवं यूएई से तेल निर्यात का मुख्य मार्ग है।

### एलएनजी जहाज इसी मार्ग से गुजरते है

कतर से आने वाले कई तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) जहाज भी इसी मार्ग से गुजरते हैं। यस सिक्योरिटीज में संस्थागत इक्विटी शोध के रणनीतिकार हितेश जैन ने कहा कि ईरान इस जलडमरूमध्य को बंद करने की धमकियों का इस्तेमाल केवल एक कूटनीतिक दबाव के तौर पर करता है, क्योंकि इसे बंद करने की रणनीतिक एवं आर्थिक लागत खुद ईरान पर ही अधिक भारी पड़ेगी।


**विश्लेषकों का कहना, अभी भी पेट्रोलियम उत्पादों की अच्छी आपूर्ति**

**मौजूदा ईरान-इजराइल युद्ध के दौरान वैश्विक ऊर्जा परिदृश्य को खतरा नहीं**

**होर्मुज ईरान, ओमान और संयुक्त अरब अमीरात के बीच स्थित**

### तेल बाजार में अच्छी आपूर्ति

जैन ने कहा कि तेल बाजार में फिलहाल अच्छी आपूर्ति है। तेल निर्यातक देशों के समूह ओपेक की 40 लाख बैरल प्रतिदिन (बीपीडी) की क्षमता बढ़ाने और संघर्ष शुरू होने के पहले 90 लाख बीपीडी का वैश्विक अधिशेष होने से एक महत्वपूर्ण बफर बना हुआ है। इसके अलावा अमेरिकी शैल तेल के उत्पादन में वृद्धि ने भी वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति में लचीलापन बढ़ाया है।



*वैश्विक तेल मांग नरम पड़ रहे : मांग के मोर्चे पर, महामारी के बाद चीन में आर्थिक पुनरुद्धार कमजोर रहने और इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) की ओर संरचनात्मक बदलाव होने से भी वैश्विक तेल मांग के अनुमानों नरम पड़ रहे हैं।*

### चालू खाता घाटा बढ़ने के आसार

हालांकि पश्चिम एशिया में लगातार तनाव बने रहने की सूरत में कच्चे तेल के दाम इस अनुमान से अधिक जा सकते हैं। इक्रा ने कहा, ।''कच्चे तेल की औसत कीमत में 10 डॉलर प्रति बैरल की वृद्धि होने पर वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान शुद्ध तेल आयात बिल में 13-14 अरब डॉलर की वृद्धि हो जाएगी। ऐसा होने पर देश के चालू खाता घाटा में 0.3 प्रतिशत की बढ़ोतरी हो जाएगी।।''

### भारत का 85 फीसदी हिस्सा आयात से

भारत अपनी तेल जरूरतों को 85 प्रतिशत से अधिक हिस्सा आयात से पूरा करता है। ऐसे में कच्चे तेल के दाम बढ़ने से उसके आयात बिल पर सीधा असर पड़ेगा। जैन ने कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य को बंद न किए जाने या खाड़ी के महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे पर हमला न होने तक कच्चे तेल का 80 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर जाना मुश्किल है।

### इक्रा ने दी चेतावनी

होर्मुज जलडमरूमध्य से होकर गुजरने वाला तेल भारत के कुल कच्चे तेल आयात का लगभग 40-45 प्रतिशत और प्राकृतिक गैस आयात का 60 प्रतिशत है। इक्रा ने चेतावनी दी है कि पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने का पेट्रोलियम उत्पादों की वैश्विक आपूर्ति और कीमतों पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ सकता है।

# भारत में इस वर्ष अमेजन 2000 करोड़ रुपए का करेगी निवेश




एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

ई-कॉमर्स क्षेत्र की दिग्गज कंपनी अमेजन ने अपने अखिल भारतीय परिचालन नेटवर्क का विस्तार करने के लिए 2025 में 2,000 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश करने की बृहस्पतिवार को घोषणा की।

अमेजन ने प्रेस विज्ञप्ति में कहा, निवेश से नेटवर्क विस्तार एवं उन्नयन में सहायता मिलेगी, जिससे ग्राहकों को अधिक तेजी से और अधिक विश्वसनीय सेवा प्रदान की जा सकेगी। साथ ही प्रौद्योगिकी तथा नवाचार को बढ़ावा मिलेगा और कर्मचारियों व सहयोगियों को बेहतर अनुभव मिलेगा।''

कंपनी ने 2,000 करोड़ रुपये से अधिक के निवेश की घोषणा करते हुए कहा कि यह नया निवेश परिचालन नेटवर्क बनाने में किए गए निवेश के अतिरिक्त है, जो कंपनी को समूचे भारत में सभी सेवा योग्य क्षेत्रों तक आपूर्ति करने में मदद करेगा।

- निवेश से नेटवर्क विस्तार व उन्नयन में सहायता मिलेगी
- ग्राहकों को अधिक तेजी से विश्वसनीय सेवा मिलेगी


अमेजन ने साथ ही कहा कि वह आपूर्ति करने वाले सहयोगियों और साझेदारों को सचेत करने और उन्हें आराम के लिए उचित समय देते रहेगा। साथ ही नवीनतम प्रौद्योगिकियों का इस्तेमाल करके सड़क सुरक्षा को बढ़ाने का प्रयास जारी रखेगा।

### राष्ट्रव्यापी पहल शुरू की

कंपनी ने हाल ही में, 2025 के अंत तक चिकित्सकीय शिविरों के माध्यम से 80,000 से अधिक आपूर्ति सहयोगियों व साझेदारों को मुफ्त स्वास्थ्य जांच प्रदान करने के लिए एक राष्ट्रव्यापी पहल शुरू की है।

# पश्चिम एशिया में जारी तनाव से शेयर बाजार में गिरावट जारी

एजेंसी ▶▶ मुंबई



स्थानीय शेयर बाजार में बृहस्पतिवार को लगातार तीसरे दिन गिरावट रही और दोनों मानक सूचकांक नीचे आ गए। बीएसई सेंसेक्स जहां 83 अंक के नुकसान में रहा, वहीं एनएसई निफ्टी 19 अंक नीचे आया। ईरान-इजराइल के बीच जारी संघर्ष के बीच वैश्विक स्तर पर कमजोर रुख के साथ घरेलू बाजार में गिरावट आई।

- सेंसेक्स में 83 अंक और निफ्टी में 19 अंक की गिरावट

विशेषज्ञों के अनुसार, अमेरिकी फेडरल रिजर्व के नीतिगत दर को यथावत रखने के निर्णय से भी बाजार धारणा प्रभावित हुई।उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 82.79 अंक की गिरावट के साथ 81,361.87 अंक पर बंद हुआ। बीएसई के 3,018 शेयर नुकसान में जबकि 959 बढ़त में रहे। वहीं 140 शेयर के भाव अपरिवर्तित रहे।

जियोजीत इन्वेस्टमेंट लि. के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''भारतीय शेयर सूचकांक में नकारात्मक रुख के साथ सीमित दायरे में उतार-चढ़ाव रहा। पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष में अमेरिका की संभावित भागीदारी को लेकर चिंताओं के कारण दुनियाभर में निवेशक सतर्क रुख अपना रहे हैं।''

एशियाई बाजारों में, जापान का निक्की, चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग नुकसान में रहे, जबकि दक्षिण कोरिया का कॉस्पी मामूली बढ़त के साथ बंद हुआ।

यूरोप के प्रमुख बाजारों में दोपहर के कारोबार में गिरावट का रुख था। अमेरिकी बाजार बुधवार को मिले-जुले रुख के साथ बंद हुए थे।

### इन शेयरों में रही घट-बढ़

सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में अदाणी पोर्ट्स, बजाज फाइनेंस, टेक महिंद्रा, इंडसइंड बैंक, नेस्ले और टाटा स्टील प्रमुख रूप से नुकसान में रहीं। दूसरी तरफ महिंद्रा एंड महिंद्रा, टाइटन, लार्सन एंड टुब्रो, भारती एयरटेल और मारुति के शेयर लाभ में रहे।

# पश्चिमी नेपाल में मीथेन गैस का विशाल भंडार मिला

एजेंसी ▶▶ काठमांडू

पश्चिमी नेपाल में कुल मीथेन गैस भंडार लगभग 430 अरब घन मीटर तक पहुंच सकता है, जो संभवतः देश की गैस की मांग को लगभग 50 वर्षों तक पूरा करने के लिए पर्याप्त है। बृहस्पतिवार को प्रकाशित एक रिपोर्ट में यह कहा गया है।

सरकारी दैनिक गोरखापत्र के अनुसार, चीन भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (सीजीएस) द्वारा तैयार की गई रिपोर्ट में दैलेख जिले के जलजले क्षेत्र में लक्षित चार कुओं में से केवल एक से प्रारंभिक निष्कर्ष पेश किए गए हैं। इससे देश के घरेलू ऊर्जा स्रोतों का दोहन करने की संभावना बढ़ गई है। बृहस्पतिवार को नेपाल सरकार के साथ निष्कर्ष साझा किए गए। यह अन्वेषण नेपाल और चीन के बीच 2019 में हस्ताक्षरित एक द्विपक्षीय समझौते के तहत किया गया था।



- भंडार 430 अरब घन मीटर तक पहुंच सकता है

रिपोर्ट में कहा गया है, "पहला खुदाई अभियान 11 मई, 2021 को शुरू किया गया, जो 4,000 मीटर से अधिक की गहराई तक पहुंच गया। इससे एक ही कुएं में अनुमानित 1.12 अरब घन मीटर मीथेन का पता चला।

*सबसे गहरा व उन्नत अन्वेषण : खान एवं भूविज्ञान विभाग के उप महानिदेशक तथा पेट्रोलियम अन्वेषण परियोजना के प्रमुख दिनेश कुमार नापित ने कहा कि यह स्थल नेपाल में अब तक किया गया सबसे गहरा तथा वैज्ञानिक रूप से उन्नत अन्वेषण है। गैस की गुणवत्ता, वाणिज्यिक व्यवहार्यता और आर्थिक क्षमता का आकलन करने के लिए आगे का परीक्षण जारी है।*

### एलएंडटी ने डिबेंचर के जरिए 500 करोड़ रुपए जुटाए




**नई दिल्ली।** बुनियादी ढांचा क्षेत्र की प्रमुख कंपनी लार्सन एंड टुब्रो ने बृहस्पतिवार को कहा कि उसने डिबेंचर के जरिये 500 करोड़ रुपये जुटाए हैं। एलएंडटी ने बीएसई को दी सूचना में कहा, "कंपनी ने आज 50,000 या 6.35 प्रतिशत सूचीबद्ध, रेटेड, बिना गारंटी वाले, विमोच्य, गैर-परिवर्तनीय डिबेंचर एक लाख रुपये प्रत्येक (एनसीडी) आवंटित किए हैं, जो कुल मिलाकर 500 करोड़ रुपये हैं। डिबेंचर चिह्नित पर्यावरण अनुकूल लक्ष्यों से जुड़े हैं और शेयर बाजार नियामक सेबी द्वारा जारी पर्यावरण, सामाजिक और शासन ऋण प्रतिभूतियों के ढांचे के तहत जारी किए गए हैं।

## सीमेंस लिमिटेड अलग इकाई के रूप में शेयर बाजार में सूचीबद्ध

- बीएसई पर 2,850 रुपए पर कारोबार किया शुरू

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली




सीमेंस लिमिटेड का ऊर्जा कारोबार अलग होने के बाद सीमेंस एनर्जी इंडिया लिमिटेड (एसईआईएल) बृहस्पतिवार को घरेलू शेयर बाजारों पर सूचीबद्ध हो गई।

सीमेंस एनर्जी इंडिया लिमिटेड के शेयर ने बीएसई पर 2,850 रुपये पर कारोबार शुरू किया। बाद में, यह 2,992.45 रुपये की ऊपरी सर्किट सीमा को छू गया, जो शुरुआती कीमत से पांच प्रतिशत अधिक था। बाद में कंपनी का शेयर 3.92 प्रतिशत की गिरावट के साथ 2,738.35 रुपये पर बंद हुआ। एनएसई पर कंपनी का शेयर 2,840 रुपये पर खुला और बाद में कारोबार के दौरान पांच प्रतिशत की बढ़त के साथ 2,982 रुपये की ऊपरी सर्किट सीमा को छू गया। कंपनी का शेयर 3.69 प्रतिशत की गिरावट के साथ 2,735 रुपये पर बंद हुआ। कंपनी का बाजार मूल्यांकन 97,518.26 करोड़ रुपये रहा।

## भारत के 91 फीसदी खिलौने गुणवत्ता मानदंडों के अनुरूप



**मुंबई।** भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) ने जनवरी, 2021 में गुणवत्ता नियंत्रण आदेश के कार्यान्वयन के बाद से खिलौनों के 17,860 नमूनों में से 91 प्रतिशत को इस आदेश के अनुरूप पाया है। यह घरेलू बाजार में गुणवत्ता वाले उत्पादों की उपलब्धता को दर्शाता है। बीआईएस, मुंबई के निदेशक और प्रमुख (पश्चिमी क्षेत्रीय प्रयोगशाला) अनिल कापड़ी ने कहा कि ब्यूरो ने जनवरी, 2021 में खिलौना (गुणवत्ता नियंत्रण) आदेश के कार्यान्वयन के बाद व्यापक प्रवर्तन गतिविधियां शुरू की हैं। केंद्र सरकार में उपभोक्ता मामलों के विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, "बाजार में उपलब्ध प्रमाणित खिलौनों की गुणवत्ता की जांच रखने के लिए बीआईएस लगातार परीक्षण को लिए गए नमूनों की संख्या में वृद्धि कर रहा है। वर्ष 2021 से डेटा निगरानी गतिविधियों में वृद्धि का रुझान है।"

## 'इंडिया मीट्स ब्रिटेन ट्रैकर' के अनुसार कंपनियों की संख्या बढ़कर 1,197 हुई

# ब्रिटेन में भारतीय स्वामित्व वाली कंपनियां 23 प्रतिशत बढ़ी

एजेंसी ▶▶ लंदन

ब्रिटेन में काम कर रहीं भारतीय स्वामित्व वाली कंपनियों की संख्या 2025 में सालाना आधार पर 23 प्रतिशत बढ़कर 1,197 हो गई है। किसी एक वर्ष में दर्ज यह सबसे तेज वृद्धि है।

- किसी एक वर्ष में दर्ज यह सबसे तेज वृद्धि

वैश्विक वित्तीय सलाहकार कंपनी ग्रांट थॉर्नटन द्वारा उद्योग निकाय सीआईआई (भारतीय उद्योग परिसंघ) के सहयोग से किए गए विश्लेषण, 'इंडिया मीट्स ब्रिटेन ट्रैकर' के अनुसार ब्रिटेन में भारतीय स्वामित्व वाली कंपनियों की संख्या तय संयुक्त राजस्व 2024 के 68.09 अरब पाउंड (जीबीपी) से बढ़कर 2025 में 72.14 अरब जीबीपी हो गया। विश्लेषण के 12वें संस्करण में पाया गया कि अब ब्रिटेन में 1,197 भारतीय स्वामित्व वाली कंपनियां कार्यरत हैं, जो 2024 के आंकड़ों की तुलना में 23 प्रतिशत अधिक है।

### कंपनियों का सामूहिक राजस्व 72.14

इस वर्ष के विश्लेषण से पता चला है कि ब्रिटेन में भारतीय स्वामित्व वाली कंपनियों का सामूहिक राजस्व 2024 के 68.09 अरब जीबीपी (ब्रिटेन मुद्रा) से बढ़कर 72.14 अरब जीबीपी हो गया। ये कारोबार पूरे ब्रिटेन में 1,26,720 लोगों को रोजगार देते हैं। पिछले वर्ष इन्होंने 8,000 से अधिक नई नौकरियों का सृजन किया।




### नई प्रवेशी कंपनी जोहो

इसके बाद नई प्रवेशी आईटी प्रबंधन कंपनी जोहो कॉरपोरेशन लिमिटेड है जिसने 197 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की। कुल मिलाकर 20 कंपनियां 2025 में पहली बार इसमें (ट्रैकर में) शामिल हुईं, जबकि 41 कंपनियां पिछले साल से इसमें बनी हुई हैं।

### विप्रो वृद्धि रैंकिंग में शीर्ष पर

आईजीएफ के चेयरमैन मनोज एल. ने कहा, " इस वर्ष का 'इंडिया मीट्स ब्रिटेन ट्रैकर' इस बात को रेखांकित करता है कि भारतीय व्यवसाय एक प्रमुख व्यापारिक साझेदार और निवेश केंद्र के रूप में ब्रिटेन के साथ कितने जुड़े हुए हैं।" विप्रो आईटी सर्विसेज यूके 2025 के विश्लेषण में 448 प्रतिशत राजस्व वृद्धि के साथ वृद्धि रैंकिंग में शीर्ष पर है।

'इंडिया मीट्स ब्रिटेन ट्रैकर' को लंदन में 'इंडिया ग्लोबल फोरम (आईजीएफ) यूके-इंडिया वीक' के दौरान वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और ब्रिटेन के उनके समकक्ष जोनाथन रेनॉल्ड्स ने बुधवार को पेश किया।

### एफटीए के क्रियान्वयन पर चर्चा

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ब्रिटेन और भारत के बीच मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के क्रियान्वयन से संबंधित मुद्दों पर चर्चा करने तथा दोनों देशों के बीच व्यापार एवं निवेश को बढ़ावा देने के तरीकों का पता लगाने के लिए दो दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर लंदन में हैं।

### जेएसडब्ल्यू एनर्जी राशि जुटाने शेयरधारकों की मंजूरी लेगी

**नई दिल्ली।** जेएसडब्ल्यू एनर्जी 11 जुलाई को अपनी वार्षिक आम बैठक (एजीएम) में प्रतिभूतियों जारी कर एक या अधिक किस्तों में 10,000 करोड़ रुपये तक की राशि जुटाने के लिए शेयरधारकों की मंजूरी मांगेगी। कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि वह वित्त वर्ष 2029-30 तक 30 गीगावाट स्थापित क्षमता और 40 गीगावाट घंटे की भंडारण क्षमता का लक्ष्य हासिल करने के अनुरूप कारोबार वृद्धि के विभिन्न रास्ते तलाश रही है।

# सितारे जमीन पर के प्रीमियर में साथ दिखे तीनों खान शाहरुख-सलमान, आमिर को सपोर्ट करने पहुंचे

## पत्नी गौरी स्प्रैट ने हाथ थामकर दिए पोज; रेखा भी पहुंचीं





आमिर खान और जेनेलिया डिसूजा की फिल्म सितारे जमीन पर आज रिलीज हो चुकी है। रिलीज से पहले गुरुवार को मुंबई में सेलेब्स के लिए इसकी स्पेशल स्क्रीनिंग रखी गई थी, जिसमें बॉलीवुड इंडस्ट्री के कई दिग्गज कलाकार पहुंचे हैं। इस दौरान शाहरुख खान और सलमान खान भी आमिर को सपोर्ट करने पहुंचे।

बॉलीवुड में जब भी तीनों खानों—शाहरुख खान, सलमान खान और आमिर खान—की एक साथ मौजूदगी की बात होती है, तो फैंस के दिलों की धड़कनें तेज़ हो जाती हैं। ऐसा ही नज़ारा एक बार फिर देखने को मिला 18 साल पहले रिलीज़ हुई फ़िल्म 'तारे ज़मीन पर' के री-प्रीमियर या विशेष स्क्रीनिंग के दौरान। इस खास मौके पर आमिर खान के साथ बॉलीवुड की चकाचौंध भी नज़र आई। प्रीमियर का सबसे बड़ा आकर्षण रहा – शाहरुख, सलमान और आमिर का एक साथ दिखना।

**आमिर खान की फिल्म का प्रीमियर, लेकिन स्टार आकर्षण बना 'खान मिलन'**

2007 में रिलीज़ हुई 'तारे ज़मीन पर' को आज भी भारतीय सिनेमा की सबसे संवेदनशील फिल्मों में गिना जाता है। फ़िल्म के पुनः प्रदर्शन के मौके पर मुंबई में आयोजित प्रीमियर में सिनेमा जगत की कई मशहूर हस्तियां पहुंचीं। लेकिन जब शाहरुख खान और सलमान खान, आमिर को सपोर्ट करने पहुंचे, तो फैंस और मीडिया दोनों के लिए यह एक सरप्राइज़ रहा। तीनों खानों को एक फ्रेम में देखना आजकल दुर्लभ होता जा रहा है, लेकिन इस मौके पर उन्होंने एक साथ मुस्कुराकर पोज़ दिए, जिससे पुराना दौर याद आ गया। तीनों की कैमिस्ट्री ने साबित कर दिया कि चाहे प्रोफेशनल कॉम्पिटिशन कितना भी हो, लेकिन जब बात सिनेमा की हो, तो सब एक साथ खड़े हो सकते हैं।

**शाहरुख खान अपनी पत्नी गौरी स्प्रैट के साथ**

इस इवेंट में शाहरुख खान गर्लफ्रेंड गौरी स्प्रैट के साथ पहुंचे। दोनों ने हाथों में हाथ डालकर मीडिया के सामने पोज़ दिए। शाहरुख ने ब्लैक सूट पहना था, वहीं गौरी ने गोल्डन शिमरी गाउन में एंट्री ली। दोनों की केमिस्ट्री और सहजता देखकर यह साफ़ था कि वे लाइमलाइट में सहज हैं। इस दौरान फैंस ने गौरी को देख कर चौंकने वाला रिएक्शन दिया क्योंकि आमतौर पर वे मीडिया से दूर रहती हैं। लेकिन शाहरुख के साथ उनका यह सार्वजनिक रूप से आना दर्शाता है कि अब वे रिश्ते को खुलकर स्वीकार कर चुके हैं।

**रेखा की एंट्री बनी चर्चा का विषय**

जहां आज की पीढ़ी के सितारे पहुंचे, वहीं बॉलीवुड की एवरग्रीन एक्ट्रेस रेखा भी प्रीमियर में शामिल हुईं। रेखा ने अपनी ट्रेडिशनल कांजीवरम साड़ी और क्लासिक अंदाज़ से रेड कार्पेट पर तहलका मचा दिया। रेखा और आमिर की गहरी बातचीत और गर्मजोशी ने यह दिखा दिया कि सिनेमा सिर्फ पीढ़ियों का नहीं, भावनाओं का संगम भी है।

**इमोशन और समाज को जोड़ने वाली फिल्म: तारे ज़मीन पर**

फ़िल्म 'तारे ज़मीन पर' एक डिस्लेक्सिक बच्चे ईशान अवस्थी की कहानी है, जो पढ़ाई में कमजोर होता है, लेकिन कला में बेजोड़ होता है। आमिर खान इस फिल्म में टीचर राम शंकर निकुंभ के रोल में हैं, जो बच्चे की प्रतिभा को पहचान कर उसे आत्मविश्वास दिलाते हैं। इस फिल्म ने न सिर्फ बच्चों के मनोविज्ञान को पर्दे पर बेहतरीन ढंग से पेश किया, बल्कि अभिभावकों की सोच में भी बदलाव लाने का काम किया। यही कारण है कि इस फिल्म को बार-बार देखने का मन करता है और इस री-प्रीमियर में फिल्म इंडस्ट्री के दिग्गजों की मौजूदगी इस बात का प्रमाण थी कि यह फिल्म आज भी उतनी ही प्रासंगिक है।

**प्रीमियर में दिखे ये सितारे भी**

करण जौहर अपने ट्रेडमार्क स्टाइल में नजर आए। उन्होंने कहा, "तारे ज़मीन पर सिर्फ एक फिल्म नहीं, एक सोच है।"

विद्या बालन भी क्लासिक साड़ी लुक में दिखीं और आमिर की तारीफ करते हुए बोलीं कि उन्होंने एक समाज को सोचने पर मजबूर कर दिया। रणबीर कपूर और आलिया भट्ट भी इस खास मौके पर पहुंचे। दोनों ने मीडिया से बातचीत में बताया कि उन्होंने यह फिल्म पहली बार किशोरावस्था में देखी थी और यह उनके दिल के बेहद करीब है।

**प्रीमियर बना इंडस्ट्री यूनिटी का उदाहरण**

आमिर खान हमेशा इंडस्ट्री से थोड़े अलग-थलग माने जाते हैं, लेकिन इस मौके पर शाहरुख और सलमान की मौजूदगी ने साबित कर दिया कि बॉलीवुड में अब भी दोस्ती और सम्मान ज़िंदा है। एक समय था जब तीनों खान के रिश्तों में तल्ख़ी की खबरें आती थीं, लेकिन बीते कुछ वर्षों में उन्होंने मतभेदों को पीछे छोड़ एक नया अध्याय शुरू किया है।

**इस मौके पर शाहरुख ने कहा,**

"जब एक फिल्म समाज को बदलने का माद्दा रखती है, तो हमें साथ खड़े होना चाहिए, और आज मैं उसी सोच के साथ यहां हूं। आमिर को मेरा सलाम।"

**वहीं सलमान ने कहा,**

"मैं ये फिल्म हमेशा से पसंद करता रहा हूं, और यह देखना बेहद सुखद है कि इतने सालों बाद भी ये उतनी ही असरदार है।"

सोशल मीडिया पर छा गईं तस्वीरें

जैसे ही तीनों खानों की साथ की तस्वीरें सामने आईं, सोशल मीडिया पर #ThreeKhansReunite और #TaareZameenParPremier ट्रेंड करने लगे। फैंस ने इस लम्हे को बॉलीवुड का "गोल्डन फ्रेम" कहा और उम्मीद जताई कि शायद भविष्य में ये तीनों किसी फिल्म में एक साथ भी नज़र आएं।

# इवेंट में सलमान खान के करीब पहुंचा अनजान शख्स

## -सिक्योरिटी ने तुरंत पकड़ा, फैन होने का दावा



मुंबई: बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान अपनी फिल्मों और स्टारडम के लिए तो जाने ही जाते हैं, लेकिन बीते दिनों एक ऐसी घटना घटी जिसने उनकी सुरक्षा को लेकर फिर से कई सवाल खड़े कर दिए हैं। एक इवेंट के दौरान अचानक एक अज्ञात शख्स जबरदस्ती सलमान खान के पास जाने लगा। मामला बढ़ता, इससे पहले ही सिक्योरिटी टीम ने फौरन एक्शन लिया और स्थिति को काबू में किया। घटना ने न सिर्फ कार्यक्रम में मौजूद लोगों को चौंका दिया बल्कि सोशल मीडिया पर भी हलचल मचा दी है।

**घटना कब और कहां हुई?**

यह घटना मुंबई के एक प्रतिष्ठित फाइव स्टार होटल में हुई, जहां सलमान खान एक ब्रांड प्रमोशन इवेंट के लिए पहुंचे थे। इवेंट में मीडिया, फैंस और ब्रांड से जुड़े कई लोग मौजूद थे। कार्यक्रम अपने निर्धारित समय पर चल रहा था। सलमान मंच पर थे, और कैमरों की चमक के बीच वह फैंस की ओर हाथ हिला रहे थे।

इसी दौरान एक युवक दर्शकों की भीड़ से निकलकर मंच की तरफ दौड़ने लगा। शुरुआती तौर पर किसी को समझ नहीं आया कि वह क्या करने जा रहा है। लेकिन जैसे ही वह सलमान के काफी करीब पहुंच गया, सिक्योरिटी टीम हरकत में आई और उसे रोक लिया।

**सिक्योरिटी ने लिया तुरंत एक्शन**

सलमान खान की सुरक्षा में Y+ श्रेणी की सुरक्षा होती है, जो उन्हें हाल के सालों में लॉरेंस बिश्नोई गैंग से मिल रही धमकियों के चलते दी गई है। उनके आसपास हमेशा प्राइवेट सिक्योरिटी और मुंबई पुलिस के जवान तैनात रहते हैं। घटना के वक्त भी सलमान की टीम अलर्ट थी। जैसे ही वह युवक तेजी से आगे बढ़ा, चार सुरक्षा कर्मियों ने उसे पकड़ लिया और वहां से खींचकर बाहर ले गए। इस दौरान हल्का-फुल्का धक्का-मुक्की भी हुई, लेकिन किसी को चोट नहीं आई।

**सलमान खान ने कैसी प्रतिक्रिया दी?**

हालांकि सलमान खान ने मंच पर शांति बनाए रखी और किसी तरह का डर जाहिर नहीं किया, लेकिन कैमरे में कैद फुटेज में साफ नजर आया कि जैसे ही युवक उनके पास पहुंचने लगा, सलमान ने उसकी ओर देखा और दो कदम पीछे हट गए। उसके बाद सलमान ने सिक्योरिटी टीम की ओर इशारा कर हल्की मुस्कान के साथ कहा - "सब ठीक है।" इसके बाद कार्यक्रम को बिना किसी रुकावट के आगे बढ़ाया गया। सलमान की यही प्रोफेशनल अप्रोच फैंस को खासा पसंद आई।

**आखिर कौन था वह शख्स?**

पकड़े गए युवक की पहचान अभी तक सार्वजनिक नहीं की गई है, लेकिन सूत्रों के अनुसार वह एक 25 वर्षीय युवक है जो उत्तर भारत से मुंबई आया था। उसके पास से कोई हथियार नहीं मिला, लेकिन वह सलमान खान से मिलने के लिए बेताबी दिखा रहा था। पुलिस पूछताछ में उसने बताया कि वह सलमान का बहुत बड़ा फैन है और उनसे एक बार मिलना चाहता था। उसका दावा है कि वह किसी गलत मंशा से नहीं आया था। हालांकि, यह जांच का विषय है कि उसने सिक्योरिटी नियमों की अनदेखी क्यों की और ऐसा दुस्साहसिक कदम क्यों उठाया।

**क्या यह केवल एक फैन का जुनून था या कुछ और?**

आज के दौर में जब सोशल मीडिया और सेल्फी कल्चर का बोलबाला है, ऐसे मामलों में अंतर करना कठिन हो जाता है कि कौन सच्चा फैन है और कौन प्रसिद्धि पाने के लिए ऐसा कर रहा है। लेकिन सलमान खान के खिलाफ लगातार मिल रही धमकियों को देखते हुए किसी भी घटना को हल्के में नहीं लिया जा सकता। कई एक्सपर्ट्स का मानना है कि ऐसे "फैन एटैम्प्ट्स" के पीछे कभी-कभी गहरी साजिश भी हो सकती है। इसलिए जांच एजेंसियां हर पहलू से इस मामले को देख रही हैं।

**पहले भी हो चुके हैं ऐसे वाकये**

यह पहली बार नहीं है जब किसी फैन ने सलमान खान के पास जबरन पहुंचने की कोशिश की हो। इससे पहले भी कई बार उनकी शूटिंग या इवेंट्स के दौरान फैंस ने बैरिकेडिंग तोड़ने की कोशिश की है। कुछ साल पहले एक फैन उनके घर 'गैलेक्सी अपार्टमेंट' के बाहर सुरक्षा तोड़कर अंदर घुस गया था। इन्हीं घटनाओं के मद्देनज़र सलमान खान की सुरक्षा को बढ़ाया गया है। उनके हर मूवमेंट पर खास निगरानी रहती है और बिना अनुमति किसी को पास जाने की इजाज़त नहीं होती।

**सोशल मीडिया पर प्रतिक्रियाएं**

